धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
15.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 94
06 लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो





# विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ा चुके हैं कदम : हेमंत सोरेन

## राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। वे सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित सीएचओ के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री सोरेन ने कहा कि इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनाने वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में संपन्न हुआ है। वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है । मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।



**क्रिटिकल बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, हो रहा प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई नई बीमारियां हमारे लिए चुनौती बनी हुई है। कॉविड-19 के बाद से हम लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी है। इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी संस्थाओं, संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से इलाज से संबंधित आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश लगातार जारी है।

**नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों को भी सेवा करने का मिल रहा मौका :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी।

**एयर एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं। सरकार के द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और अभियान निदेशक अबू इमरान उपस्थित थे।

### मुंबई में बनेगा भव्य झारखंड भवन सीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश की औद्योगिक राजधानी मुंबई में बनने वाले झारखंड भवन की आधारशिला रखी। यह शिलान्यास समारोह सोमवार को ऑनलाइन किया गया। दिल्ली के बाद दूसरा झारखंड भवन होगा। मुंबई में यह भवन सेक्टर 30अ, वाशी, नवी मुंबई में स्थित होगा। यह झारखंड का दूसरा भवन है, जिसमें से पहला हाल ही में दिल्ली में उद्घाटन किया गया था। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव और मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस भवन के निर्माण से झारखंड के विकास और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और यह राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करेगा। मौके पर सीएम ने पकरी बरवाडीह में ग्रिड सबस्टेशन का शिलान्यास किया।

## खबर एक नजर में

### प्रत्याशियों की दूसरी सूची एलएपी ने किया जारी



**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक सोमवार को प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , प्रधान महासचिव मो अजहर आलम , प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू , प्रदेश महासचिव संजय स्नेही एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव उपस्थित थे। बैठक में कोर कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। राजमहल विधानसभा नंदलाल साह, चतरा विधानसभा अशोक कुमार राम, चाईबासा विधानसभा सुभद्रा सिंकु,) बेरमो विधानसभा मोहन लाल साव,) बेरमो विधानसभा मोहन लाल साव को उम्मीदवार घोषीत किया गया है।

### मुख्यमंत्री और मंत्री के प्रति जताया आभार

**रांची।** कैबिनेट ने राज्य के 65 हजार पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक), प्रखण्ड / संकुल साधन सेवी (बीआरपी-सीआरपी), कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी, साधन सेवी, एमआईएस समन्वयक एवं अन्य संलग्न कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा दिये जाने की स्वीकृति दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद राज्य के पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ऋषिकेष पाठक, बेलाल, बिनोद तिवारी, बिनोद बिहारी मबतो, नरोत्तम सिंह मुंडा समेत अन्य शिक्षकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के प्रति आाभार जताया है। वहीं, दूसरी ओर से बीआरपी सीआरपी एस एस संघ झारखंड ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के प्रति आाभार जताया है। संघ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद और कुमार रोहित ने कहा कि आखिकार 19 वर्षो की सेवा के उपरांत बीआरपी सीआरपी को सामाजिक सुरक्षा के तहत भविष्य निधि कटौती की स्वीकृति सरकार ने सोमवार की कैबिनेट में दे दी है। इसके लिए बीआरपी सीआरपी एस एस संघ झारखंड 2700 बीआरपी सीआरपी परिवार की तरफ से साधुवाद देती है।

**पारा शिक्षकों का आंदोलन वापस :** सरकार के इस निर्णय के बाद पारा शिक्षकों ने आंदोलन को वापस ले लिया है।

# विस चुनाव के दौरान सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की होगी जांच : के. रवि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें, इसकी मोनेटरिंग हर स्तर पर की जाएगी। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निदेशों का अनुपालन किया जाए। सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को ले संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं



एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है। एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्त करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है, उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इस हेतु सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी-विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## इडी की नहीं बल्कि राजनीतिक रेड है क्या मिला, एजेंसी करे खुलासा : ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड के पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रवर्तन निदेशालय की रेड पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा है कि यह इडी की रेड नहीं बल्कि राजनीतिक रेड है। निशाना कहां है, यह समझा जा सकता है। ऐसी कार्रवाई को लेकर यूज टू हो गये हैं। जब ये लोग जनता की अदालत में फेल हो गये तो इस तरह से केंद्रीय एजेंसियों को लगाया जा रहा है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इडी अगर पूरी पारदर्शिता के साथ काम करती है तो पूरा सहयोग मिलेगा। इडी को कठपुतली नहीं बनना चाहिए, इशारों पर नहीं नाचना चाहिए।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि उनपर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए लंबे समय से दबाव चल रहा है। उन्होंने कहा कि फांसी पर चढ़ जाऊंगा, पूरा खानदान जेल में सड़ जाएगा। दबाव की राजनीति नहीं करूंगा। झारखंड की जनता के साथ किसी तरह का छल और धोखा नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने अंतिम पंक्ति के लोगों तक हक अधिकार दिलाने का बीड़ा उठाया है। उसमें हमलोग भी सहभागी हैं। जब बिना किसी आरोप के राज्य के सीएम को पांच माह तक जेल में रख सकते हैं तो साल-दो-साल हमलोग भी रहेंगे।

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि ये लोग पूरी तरह से डर गये हैं। पलामू प्रमंडल में इनको एक भी सीट नहीं आने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें तोड़ दो, मरोड़ दो, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पारदर्शिता के साथ जांच होती है तो वह स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि इडी को खुलासा करना चाहिए कि उनके और पीएस के आवास पर जो छापेमारी हो रही है, उसके बारे में मीडिया को बताना चाहिए कि क्या मिला।

## नेट पास शिक्षकों को नौकरी में मिलेगा लाभ

### हेमंत मंत्रिमंडल की ओर से लिये गये अन्य फैसले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गयी। रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गयी। उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गयी। इस पर 20 करोड़ रुपये खर्च होगा। गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंगटी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गयी। महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृति दी गयी। राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर किया गया। इसके अलावा रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड रुपए की मंजूर की गयी।

**असम में रह रहे झारखंड के 15 लाख से अधिक आदिवासियों के उत्थान को बनेंगी योजनाएं :** असम में रह रहे 15 लाख से अधिक आदिवासी, जिन्हें अब तक एसटी का दर्जा नहीं मिला है। वह ओबीसी में शामिल हैं। उनके लिए झारखंड सरकार कई तरह की योजनाए लाएगी। इसके लिए आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जाएगी। वहां की स्थिति की जानकारी लेने के बाद उनके हित को लेकर कई योजनाएं लाई जाएंगी। भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय किया जाएगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि असम में करीब 70% आबादी आदिवासियों की है।

# झारखंड में दूसरे दिन भी ठप रही 108 एंबुलेंस सेवा

## राज्यभर के कर्मचारियों ने घेरा स्वास्थ्य मंत्री का आवास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एंबुलेंस सेवा दूसरे दिन भी ठप रहा। एंबुलेंस ठप हो जाने से मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एंबुलेंस कर्मचारी वेतन भुगतान न होने से नाराज हैं और हड़ताल पर चले गए हैं। इससे राज्य में संचालित करीब 500 एंबुलेंस का परिचालन बंद हो गया है। सोमवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मोरहाबादी स्थित आवास का घेराव किया। कर्मचारियों का कहना है कि जब पुरानी कंपनी मेसर्स जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की जगह पर सिकंदराबाद की कंपनी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज




काम कर रही थी। निविदा समाप्त होने पर मेसर्स जिकित्जा ने दो महीने का वेतन नहीं दिया है। वहीं इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की भी निविदा समाप्त होने पर नयी एजेंसी मेसर्स सम्मान फाउंडेशन को काम सौंपा गया है। कर्मचारियों को भय है कि एजेंसी के बदलने के बाद सितंबर माह का वेतन भी लंबित नहीं हो जाये। वहीं उनका कहना है कि उन्हें पीएफ की सुविधा भी नहीं मिलती है। काम करने का कोई समय नहीं है, 12 घंटे की ड्यूटी होने के बावजूद उन्हें अधिक समय तक काम करना पड़ता है। वहीं कर्मचारी स्थाई करने की भी मांग कर रहे हैं। उनका कहना है, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक अनिश्‍चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। बताते चलें किराज्य में इस एजेंसी से करीब 1500 कर्मचारी जुड़े हुए हैं। शनिवार को ही एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों ने काम प्रभावित करना शुरू कर दिया था। लेकिन इसका असर रविवार से पड़ने लगा। वहीं इएमआरआइ ग्रीन का 40 करोड़ रुपये भी बकाया है। जिसके भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग से लगातार पत्राचार चल रहा है।

# वीआईपी पार्टी के पदाधिकारियों की रायशुमारी, 20 सीट पर प्रत्याशी देने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) झारखंड में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची प्रेस क्लब में राज्य भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी के उपरांत वीआईपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा आज कर दी। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने कहा कि राज्य की जनता ने 25 सालों में गठबंधन की राजनीति को ही देखा है। एक और जहां वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता में है वहीं पिछली सरकारों पर नजर दौड़ाएं तो क्षेत्रीय पार्टियों के साथ ताल-मेल कर भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी सत्ता पर तो काबिज होती रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए



आत्म मंथन का समय है। झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव सर पर है। केंद्र कि भाजपा सरकार के कई मंत्री और नेता राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री तक का दौरा हो चुका है। जनता को अपने पक्ष में करने को लेकर घोषणाओं और वादों अंतहीन सिलसिला सा राज्य में नजर आ रहा है।

राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर डाले तो यह दिख रहा है कि भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य छोटे-मोटे घटक दल इस बार जनता का मन नहीं टटोल पा रहे हैं। वीआईपी प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने लोग निवास करते हैं, जिनमें निषाद वंशीय समाज की जनसंख्या सात प्रतिशत अर्थात करीब 24 लाख के करीब है जो किसी भी प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में जीत का आंकड़ा पार करा सकती है।

उन्होंने लगभग 25 ऐसे विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की जहां निषाद वंशीय समाज के दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे हैं। अब निषाद वंशीय समाज सिर्फ वोट बैंक बनकर नेताओं को विधान सभा भेजने का मध्यम नहीं बनेगा बल्कि स्वयं विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने हक और हुकुक की लड़ाई लड़ेगा । प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने एक परिपक्व नेता की तरह इस बात से इनकार नहीं किया कि राज्य में गठबंधन की सरकार का होना भौगोलिक मजबूरी है, लेकिन संख्या बल पर निषाद वंशीय समाज भी किसी से कम नहीं है बावजूद इसके सत्ता के गलियारों में इस समाज की चर्चा ना तो भाजपा, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने की और ना ही स्थानीय हितों का दंभ भरने वाली सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता के बीच जाकर अपने आप को जनहित और राज्यहित वाली सरकार साबित करने की स्थिति में है।

उन्होंने की कहा कि जब हमारी शुद्ध कोई लेने वाला नहीं है तो हम किसी के भरोसे क्यों बैठे रहे इस विधानसभा चुनाव में निषाद बंसी समझ न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी बल्कि 20 से अधिक विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देकर अपनी राजनीतिक दावेदारी किसी और के हाथ में नहीं जाने देगा। ब्रशदेव चौधरी, सरोज चौधरी, मनदीप मल्लाह, भारदुल चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, संजय मल्लाह, राम मल्लाह, ? विश्वनाथ झोरा, चरण केवट, मेजर बद्री साहनी, गंगा केवट, विजेंद्र चौधरी, अरविंद केवट, रब्बीकुल शेख, राजेंद्र चौधरी, विवेक साहनी सहित राज्य के 24 जिला के जिला पदाधिकारी और प्रखंड पदाधिकारी शामिल हुए।

# इंडी गठबंधन में माले के शामिल होने के बाद दलों के बीच सीट शेयरिंग का फर्मूला उलझा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड के इंडिया गठबंधन में माले के शामिल होने के बाद सीट शेयरिंग का फर्मूला उलझ गया है। हलाकि गठबंधन में माले को शामिल होने को लेकर सभी दलों ने स्वागत किया था। विधानसभा चुनाव को लेकर जब सीटों के बांटवारे बात आयी तो गठबंधन का कोई दल माले को अपने सीट में कटौती कर देने को तैयार नहीं है। गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी झामुमो अपनी सीट में से कटौती करने को तैयार नहीं है। झमुमो चाहता है कि कांग्रेस व राजद अपने कोटे से माले को सीट दें। यहां बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो, कांग्रेस व राजद के बीच सीटों का जो बंटवारा हुआ था उसके अनुसार झामुमो-43, कांग्रेस 31 व राजद ने 7 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार कांग्रेस 33 व राजद 22 सीटों की मांग कर रहा है। लेकिन झामुमो अपनी सीट कम करने को तैयार नहीं है, बल्कि व 45 सीट पर दावा कर रहा है।

झामुमो चाहता है कि कांग्रेस व राजद अपनी तय सीटों में कटौती कर माले को दें। मासस का माले में विलय के बाद माले की दावेदारी चार सीटों पर हो गई है। माले बगोदर, राजधनवार, निरसा व सिंदरी की सीट मांग रही है। इन चारों सीटों पर माले अन्य दलों के मुकाबले मजबूत है। निरसा व सिंदरी की सीट पर विलय के पहले




मासस लड़ता था। यहां से मासस के उम्मीदवार जीतते रहे हैं।

झामुमो के दबाव के कारण कांग्रेस व राजद को सीटों में कटौती करनी पड़ेगी। राजद भले ही 22 सीटों की मांग कर रहा है। लेकिन झामुमो इस बार पांच सीट ही देने को तैयार है। राजद के खाते में पलामू की हुसैनाबाद, विश्रामपुर, छतरपुर, चतरा, देवघर व गोड्डा की सीट जा सकती है। हालांकि राजद पांच सीटों पर मान जाएगा यह कहना अभी कठिन है क्योंकि यदि उसे अधिक सीटें नहीं मिली तो वह कम से कम 7 सीट तो जरूर चाहेगा। राजद इस बार अपने हक के लिए विद्रोह करने तक को तैयार है। राजद नेताओं ने अपनी भावना से राजद सप्रीमो लालू यादव व तेजस्वी यादव को अवगत करा दिया है। प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय यादव सहित अन्य नेताओं ने राजद उम्मीदवारों की सूची भी दी है। तेजस्वी ने भरोसा दिया है कि वह सीट शेयरिंग में अन्याय नहीं होने देंगे। राजद को हक मिलेगा। बैठक होगी तो वह अपनी बात रखेंगे।

इधर, कांग्रेस भी पूर्व की तरह 31 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। कांग्रेस भी सीटें कम करने को फिलहाल तैयार नहीं है। उसका कहना है कि अधिक सीट नहीं मिलेगी तो पहले से तय सीट में कमी भी नहीं होने दी जाएगी। लेकिन झामुमो का दबाव सीट कम करने को लेकर है। इस हाल में बीच का क्या रास्ता निकलता है यह देखना होगा। क्योंकि झामुमो कांग्रेस के दबाव में नहीं अएगा। हरियाणा में कांग्रेस को मिली हार के बाद वह दवाब में है। कांग्रेस की हैसियत नहीं है कि वह झामुमो पर दबाव डाल सके। झामुमो की शर्तों के समक्ष उसको झुकना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश यह कहने में संकोच नहीं करते है कि झारखंड विधानसभा के चुनाव में हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम का कोई असर पड़ेगा। कांग्रेस अपने निर्धारित सीटों पर दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी और विजयी होकर राज्य में एकबार फिर गठबंधन की सरकार बनाएगी।

इस बार झामुमो व कांग्रेस के बीच कुछ सीटों की अदलाबदली जरूर होगी। जो दल जहां मजबूत होगा वहां से चुनाव लड़ेगा। इस बात पर दोनों दलों में सहमति बन गई है। मांडू, खूंटी, पोड़ेयाहाट, भवनाथपुर जैसे कई सीटें हैं यहां अदलाबदली की संभावना है। पिछले पांच सालों में राजनीतिक समीकरण बदला है। सीटों की अदलाबदली पर बातचीत चल रही है।

## लेना हो स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ तो आवेदन को सत्यापित करके ही करें अपलोड

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्य कर्मियों से कहा है कि वे स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने डीडीओ व विभागध्यक्षों से सत्यापित करके ही विभाग के पोर्टल में आवेदन को अपलोड करें। वहीं, सेवानिवृत कर्मी भी अपने अंतिम कार्यालय के प्रभारी या कार्यपालक दंडाधिकारी से सत्यापित कराके ही आवेदन को अपलोड करायें। दरअसल, इस योजना के प्रारंभ होने के बाद आवेदनों की समीक्षा की गयी जिसमें कई मामलें ऐसे आये जिसमें सत्यापन नहीं कराया गया था।


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
15.10.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 94



12 भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 करेगी अच्छा प्रदर्शन

## न्यूज डायरी

### रांची से गोरखपुर के लिए आज से नयी ट्रेन

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची को एक नयी ट्रेन की सौगात मिली है। रांची से गोरखपुर के लिए साप्ताहिक ट्रेन की शुरूआत आज मंगलवार से हो रही है। यह ट्रेन गोरखपुर के लिए रांची से शुक्रवार को खुलेगी और गोरखपुर से रांची के लिए शनिवार को चलेगी। इस नयी ट्रेन का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली से ऑनलाइन रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे।

### झाप्रसे के 19 अफसरों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया है। प्रतीक्षारत रवि शंकर विद्यार्थी को संयुक्त सचिव कृषि एवं पशुपालन विभाग में पदस्थापित किया गया है। मंजू रानी को संयुक्त सचिव भू राजस्व विभाग, पवन कुमार को संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग, रतन कुमार को निदेशक लेखा प्रशासन पलामू, हीरा कुमार को अपर समाहर्ता देवघर, मनोज कुमार को क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा, मतियस विजय टोप्पो को निदेशक लेखा प्रशासन हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### जम्मू कश्मीर में सरकार का शपथ ग्रहण कल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में 16 अक्तूबर को नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को जीत मिली थी और उमर अब्दुल्लाह को विधायक दल का नेता चुना गया था। सोमवार को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पत्र भेजकर नेशनल कॉन्फ्रेंस को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। पत्र मिलने के बाद उमर अब्दुल्लाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर खुशी जाहिर की है। बता दें कि जम्मू कश्मीर में हुए चुनावों में नेशनल कॉन्फ्रेंस को 42 सीटें और कांग्रेस को छह सीटें मिली थीं।

### पांच-पांच किलो का दो आइइडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलो का दो आइइडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से विडियाबेड़ा के बीच जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों की द्वारा पूर्व में लगाये गये दो आइइडी बम को बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से बम को डिफ्यूज (विनिष्ट) कर दिया गया।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निजी सचिव समेत 23 जगहों पर इडी छापा

### जल जीवन मिशन में अनियमितता मामला

### मंत्री के भाई विनय ठाकुर और आइएएस मनीष रंजन के ठिकानों से करीब 50 लाख कैश मिलने की सूचना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय- इडी ने सोमवार को सुबह रांची, चाईबासा समेत झारखंड के 23 ठिकानों पर छापा मारा। राज्य सरकार में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, निजी सचिव हरेंद्र सिंह समेत विभाग के कई इंजीनियर्स, आइएएस मनीष रंजन और उनके हरिहर सिंह रोड स्थित एक फ्लैट में रह रहे मनीष रंजन की बहन के यहां भी छापा मारा। इसके आलावा कई अन्य लोगों के यहां इडी ने छापेमारी की। चाईबासा में मंत्री के अमला टोला स्थित आवास, चाईबासा में मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवाल नामक कारोबारी के आवास, रांची इंद्रपुरी में कारोबारी विजय अग्रवाल के घर पर छापेमारी की गयी। देर शाम तक चली इस छापेमारी में इडी को कई दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री के भाई और आइएएस मनीष रंजन के ठिकानों से 50 लाख नकद मिलने की सूचना है।



### इनके यहां हुई रेड

- हरेंद्र कुमार : 56 सेट डोरंडा, क्वार्टर नंबर 118/24
- विनय कुमार ठाकुर मंत्री का भाई अमला टोला, चाईबासा
- आईएएस मनीष रंजन : जवाहरनगर, कांके रोड रांची और उनकी बहन के आवास हरिहर सिंह रोड स्थित शिवेश्वरी इंक्लेव बी
- निरंजन कुमार क्षेत्रीय मुख्य अभियंता बंसल प्लाजा, ओल्ड एचबी रोड और रातू रोड सरकारी आवास
- प्रभात कुमार सिंह मुख्य अभियंता सीडीओ, हरमू हाऊसिंग कॉलोनी
- चंद्रशेखर, कार्यपालक अभियंता चंद्रकला अपार्टमेंट, हेसाग
- राधेश्याम रवि कार्यपालक अभियंता सुंडिल कमड़े, रातू
- रघुनंदन प्रसाद शर्मा पूर्व मुख्य अभियंता विजया गार्डेन बारिडीह कॉलोनी, जमशेदपुर
- विजय अग्रवाल, रातू रोड रांची
- संतोष कुमार निलंबित रोकड़पाल, अपर चुटिया, रांची
- मनोज कुमार ग्रीन व्यू हाईट्स डी-1002, लालू खटाल रोड, बरियातू
- संजय कुमार सिंह बोधराज इंक्लेव, फ्लैट नंबर ई- 1 अनंतपुर डोरंडा रांची
- सुनील कुमार सिन्हा, सार्थक रिजेंसी, पीस रोड लालपुर
- मानस कुमार खेमका रिजेंसी, कांके रोड
- विभोर सिंघानिया कंचन विला अपार्टमेंट कांके रोड
- वेदांत खिरवाल सदर बाजार चाईबासा

**विपक्ष की है गहरी चाल : सीएम**
सीएम हेमंत ने कहा कि छापेमारी अप्रत्याशित नहीं है। विपक्ष के साथी को चुनाव के वक्त यह सब फिर नजर आने लगे हैं और यह कार्रवाई उनके इशारे पर ही की जा रही है।

**हम घबराने वाले नहीं : बन्ना गुप्ता**
ईडी की कार्रवाई पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से राज्य सरकार के विरुद्ध साजिश रची जाती रही है उससे हम घबराने वाले नहीं हैं।

**यह राजनीतिक रेड : मिथिलेश**
मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह ईडी की रेड नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक रेड है। ईडी केंद्र सरकार के इशारों पर न नाचे।

### हजारीबाग में पीएम ने किया था इशारा

दो अक्टूबर को हजारीबाग में एक जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा था कि झारखंड में जल जीवन मिशन में भी भ्रष्टाचार हो रहा है। पीएम मोदी ने उसी दिन इशारा किया था कि यह खेल अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। हर लूट का हिसाब होगा। उनकी घोषणा के 13वें दिन इडी ने छापेमारी की।

### अंतिम कैबिनेट में हेमंत सोरेन सरकार का मास्टर स्ट्रोक

# दिसंबर से मंइयां सम्मान योजना में हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

**कैबिनेट के फैसले**
- नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में बनेगा राज्य का दूसरा आवासीय विद्यालय
- पारा शिक्षकों सहित अन्य कर्मियों को मिलेगी कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने चुनाव से पहले आखिरी कैबिनेट में महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य सरकार ने महिलाओं की सम्मान राशि बढ़ाने समेत 29 प्रस्तावों को स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर से अब महिलाओं को 1000 की जगह 2500 रुपये की सम्मान राशि दी जायेगी। यानी साल में अब 12 हजार की जगह 30 हजार रुपये मिलेंगे। इसका लाभ 50 लाख महिलाओं को मिलेगा।

कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ 8 लाख रुपए की राशि मंजूर की गयी है। चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की लागत की पथ परियोजना स्वीकृत की गयी। बिहार राज्य निर्माण निगम लि. का बकाया स्वीकृत करने को 38 करोड़ मंजूर किया गया। *(पेज 2 पर भी)*



**अनाथ व दिव्यांग बच्चों को निशुल्क ट्यूशन फीस मिलेगी** : दिव्यांग व अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नि:शुल्क ट्यूशन फीस देने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। ट्यूशन फीस ₹10 लाख अधिकतम सालाना दी जायेगी। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी।

### कैबिनेट में इन प्रस्तावों पर भी लगी सरकारी मुहर

- नेतरहाट के विकास को 43 करोड़ मंजूर। बोकारो में बनेगा आवासीय विद्यालय।
- राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गयी।
- कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जाएगी।
- ज्ञानोदय योजना के तहत विज्ञान और गणित की प्रयोगशाला का होगा निर्माण।
- वाल्मिक छात्र योजना राज्य में होगी लागू।
- पारा शिक्षकों, सहायक अध्यापक सहित अन्य कर्मचारियों को मिलेगा कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा।
- महागामा के ठाकुर गगंती में डिग्री महाविद्यालय का होगा निर्माण।
- बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खुलेगा।
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के नियमावली में संशोधन।
- रिनपास निदेशक नियुक्ति और सेवाशर्त नियमावली में संशोधन।
- पोटका में बनेगा राजकीय पॉलीटेक्निक।
- असम के चाय बागान में ले जाए गए राज्य के 15 लाख झारखंडी आदिवासियों के लिए सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के गठन का प्रस्ताव किया पारित। आदिवासी कल्याण मंत्री की अगुवाई में जायेगी टीम।

**पारा शिक्षकों को मिलेगा इपीएफ का लाभ** : राज्य के 65 हजार पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक), प्रखण्ड/संकुल साधन सेवी (बीआरपी-सीआरपी), कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी, साधन सेवी, एमआईएस समन्वयक एवं अन्य संलग्न कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गयी।

### मुख्यमंत्री ने 498 सीएचओ को दिया नियुक्ति पत्र

# राज्य में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायेंगे : हेमंत सोरेन

**चिकित्सीय पहल**
- सीएम ने कहा- अपनी सेवा से ग्रामीणों का विश्वास जीतें, तभी राज्य की चिकित्सा व्यवस्था बनेगी मजबूत
- गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए सरकार का प्रयास जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। वितरण समारोह के बाद श्री सोरेन ने नवनियुक्तों से कहा कि आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभायें। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है, आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को सुदूर और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिला है। इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सरकार को मदद मिलेगी।



### चिकित्सा कर्मियों पर भी सरकार का ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं होगी, बल्कि अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज की सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। हमारी कोशिश लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## कोविड-19 वैक्सीन से खून के थक्के जमने के प्रभाव वाली याचिका खारिज

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गयी थी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कोविड-19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।


एक अन्य मामले में, शीर्ष अदालत ने एक गैर सरकारी संगठन की याचिका को खारिज कर दी, जिसमें केंद्र को दूरदर्शन पर 24 घंटे का सिंधी भाषा का चैनल शुरू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। इससे पूर्व एनजीओ सिंधी संगत की इस याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा भी खारिज कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि भाषा को संरक्षित करने के अन्य तरीके भी हो सकते हैं।

## डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिनसन को अर्थशास्त्र का नोबेल

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** साल 2024 के लिए अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया गया है। अर्थशास्त्र में इस बार का नोबेल पुरस्कार डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिनसन को दिया गया है। उन्होंने इस बात पर शोध किया कि वैश्विक असमानता क्यों बनी हुई है।

ब्रिटिश-अमेरिकी साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन तथा तुर्की-अमेरिकी डेरॉन ऐसमोग्लू को ''संस्थाएं कैसे बनती हैं और समृद्धि को कैसे प्रभावित करती हैं'' पर उनके काम के लिए सम्मानित किया गया।



सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कारों की घोषणा की गयी। डेरॉन ऐसमोग्लू और साइमन जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विश्वविद्यालय में काम करते हैं। बता दें कि यह पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति दिया जाता है। इससे पहले साल 2024 के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार जापान में परमाणु हमले में बचे हुए लोगों के समूह निहोन हिदानक्यो को दिया गया था। इस संगठन के स्थापना साल 1956 में की गई थी। *(पेज 12 पर भी)*

## गठबंधन के तहत सभी 81 विस सीट से लड़ेंगे चुनाव: मुख्यमंत्री



एजेंसी

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीट शेयरिंग के प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इसलिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो की केंद्रीय समिति के वे भी सदस्य हूं, इसलिए बैठक में वे शामिल होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। श्री सोरेन ने कहा कि यह साल चुनावी साल है, इस मैराथन बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता और कार्यकर्ताओं को झारखंड विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है।

मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी और कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। मईयां योजना के बारे में पूछने से उन्होंने कहा कि हमारी योजनाओं से भाजपा के पसीने छूट रहे हैं।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 93000 रु./प्रति किलो |




### पाक की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने एससीओ की बैठक में भारत के शामिल होने पर कहा

# एस जयशंकर का पाकिस्तान दौरा भारत का स्मार्ट मूव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज पाकिस्तान पहुंच रहे हैं। किसी भी भारतीय विदेश मंत्री का पाकिस्तान दौरा करीब 10 साल बाद हो रहा है। हालांकि जयशंकर का यह दौरा शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए है ना कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय वार्ता के लिए। बता दें कि इस बार एससीओ की सालाना समिट पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में 15 और 16 अक्टूबर को हो रही है। भारत भी एससीओ का सदस्य है और भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विदेश मंत्री एस जयशंकर कर रहे हैं। जयशंकर के पाकिस्तान दौरे से दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध सुधरने की बहुत उम्मीद तो नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में इसे लेकर काफी चर्चा है।

### भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज जायेंगे पाकिस्तान, एससीओ की बैठक में होंगे शामिल



### द्विपक्षीय वार्ता के लिए भारत ने नहीं किया अनुरोध : डार

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने एस जयशंकर के दौरे को लेकर कहा कि अभी भारत से द्विपक्षीय बातचीत की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर भारत अनुरोध करेगा तो विचार किया जायेगा। डार ने कहा कि द्विपक्षीय बातचीत के लिए न तो भारत ने अनुरोध किया है और न ही पाकिस्तान ने।

पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खर ने जयशंकर के पाकिस्तान दौरे को भारत का स्मार्ट मूव बताया है। हिना ने कहा, भारत ने किसी ब्यूरोक्रेट को ना भेज एस जयशंकर को भेजने का फैसला किया और मेरा मानना है कि यह उनका स्मार्ट मूव है। भारत के साथ हमारा द्विपक्षीय संबंध सामान्य सतह पर नहीं है। यहां तक कि दोनों देशों में एक दूसरे के यहां उच्चायुक्त भी नहीं हैं। भले एस जयशंकर आ रहे हैं लेकिन भारत के साथ हमारे ताल्लुकात नॉर्मल नहीं हैं।



### पाकिस्तान ने पीएम मोदी को किया था आमंत्रित

पाकिस्तान में होने वाले इस समिट में भारत के शामिल होने को लेकर आशंका थी। हालांकि पाकिस्तान ने इस समिट में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। पहले उम्मीद की जा रही थी कि भारत इस समिट में किसी जूनियर मंत्री या ब्यूरोक्रेट को भेज सकता है लेकिन जयशंकर के जाने की घोषणा पाकिस्तान के लिए भी हैरान करने वाली है।

बता दें कि पाकिस्तान में गृह युद्ध जैसे हालात में समिट का आयोजन हो रहा है, इसलिए समिट को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं ताकि कोई अनहोनी न हो।

### टाटा समूह के बनाये गये चेयरमैन

# अब नोएल टाटा संभालेंगे स्व. रतन टाटा की विरासत

### टाटा संस के चेयरमैन बने रहेंगे एन.चंद्रशेखरन

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा समूह में 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट में शामिल विभिन्न समूहों के ट्रस्टियों ने 11 अक्टूबर को मुंबई में एक संयुक्त बैठक की। सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट का गठन करने वाले विभिन्न ट्रस्टों के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। इस अवसर पर नोएल नवल टाटा ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है उससे वे बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे रतन एन. टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि नोएल टाटा स्व. रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। 67 साल के नोएल टाटा वर्तमान में टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के वाइस चेयरमैन, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड के एमडी और ट्रेंट के चेयरमैन हैं।



# रिम्स में चतरा सांसद व दुरगुरिया सिरका से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूछा हालचाल





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार की सुबह रिम्स पहुंचे, वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। वहीं मुख्यमंत्री रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इसी बीच झामुमो के संयुक्त सचिव महताब अंसारी के भाई इम्तियाज अंसारी जो रिम्स में इलाजरत हैं, उनका हाल चाल पूछा और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह एवं शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वहीं, कालीचरण सिंह ने भी सीएम को बताया कि अब वह ठीक हैं।

ज्ञात हो कि रविवार को हार्ट अटैक के बाद सांसद कालीचरण सिंह को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। हार्ट में करीब 90 प्रतिशत ब्लाकेज था। डाक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू कर स्टंट लगा दिया है। अब उनकी हालत बेहतर है। जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री को शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

रांची। कैबिनेट में रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का आवश्यकता आधारित शिक्षकों के रूप में समायोजन कर दिया गया है। मालूम हो कि अतिथि शिक्षकों के द्वारा पिछले 25 सितंबर से रांची विश्वविद्यालय परिसर में अपने बकाया मानदेय के भुगतान तथा समायोजन के लिए धरना दिया जा रहा था। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि हेमंत दादा की सरकार तथा मंत्री रामदास सोरेन द्वारा हमारी समस्याओं का समाधान इतने कम समय में त्वरित करना सशक्त सरकार और दृढ़ इच्छा को दशार्ती है। हम सभी शिक्षक हेमंत दादा और रामदास दादा के जीवन भर आभारी रहेंगे। वहीं संघ के संयोजक डॉ धीरज कुमार सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उच्च शिक्षा के प्रति सरकार की दूरदर्शिता और गंभीरता को दशार्ती है। कैबिनेट के प›ात शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल मंत्री रामदास सोरेन के आवास में उन्हें पुष्प कुछ देकर तथा मिठाई खिलाकर खुशियां जताई। संघ के प्रतिनिधि मंडल में कृष्णकांत, डॉ चक्षु पाठक, सौरभ कुमार विकास , डॉ आशीष कुमार, शुभम सौरव, शिवकुमार राजू हजाम, सतीश, डॉ सतीश तिर्की, सूरज विश्वकर्मा, आसिफ अंसारी, शाहबाज आलम, निहारिका महतो, ज्योति, दीपशिखा, समेत अन्य उपस्थित थे।

## झारखंडी एकता संघ की मांगों पर लगी मुहर नवी मुंबई के वाशी में बनेगा झारखंड भवन

- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ऑनलाइन किया बहुप्रतिक्षित झारखंड भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नवी मुंबई के वाशी में बहुप्रतिक्षित झारखंड भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास ऑनलाइन माध्यम से किया। नवी मुंबई में यह कार्यक्रम भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल के दिशा निर्देशों पर सफलता पूर्वक संचालित हुआ।

इस सात मंजिला भवन में वीवीआईपी सुइट्स, डीलक्स कमरे, प्रदर्शनी हॉल, सेमिनार हॉल, व्यायामशाला, भोजन क्षेत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ छत पर उद्यान, वर्षा जल संचयन आदि की सुविधा होगी। भवन को स्थानीय स्वाद देने के लिए पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया जाएगा।

यह भवन झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रियायती दरों पर आवास उपलब्ध कराकर उनकी सेवा भी करेगा।

झारखंड के प्रवासी मजदूरों के अग्रणी गैर सरकारी संगठन झारखंडी एकता संघ ने पिछले 20 वर्षों से झारखंड सरकार के समक्ष इस मांग को लेकर अपने निरंतर प्रयासों से इस सपने को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए संघ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करता है तथा विधायक विनोद सिंह का भी आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्य को कराने में विशेष योगदान दिया।

इस अवसर पर जेईएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज आलम, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष ताजुद्दीन अंसारी तथा अन्य प्रमुख सदस्य सदरुल शैख, विनोद प्रसाद, राजेंद्र शर्मा, असगर खान, काशिफ उल्लाह, सलीम अंसारी, कैलाश मंडल, तौफिक अंसारी, मुस्तकीम अंसारी तथा अन्य पदाधिकारी गण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## मुड़मा मेला के लिए सीएम को दिया निमंत्रण



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला) के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरु बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## सियासी दलों की मुफ्तखोरी स्कीम के खिलाफ अभियान चलाएगा नागरिक मंच

- **कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लुटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आयेंगे**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा जनता को लुभाने के लिए तरह-तरह की घोषणाएं की जा रही हैं, जो आनेवाले वर्षों में राज्य हित में नुकसानदेह साबित होगी। इसी को देखते हुए रांची शहर नागरिक मंच ने सोमवार को एक बैठक की। मंच के अमृतेश पाठक ने बताया कि झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्तखोरी और निकम्मेपन को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही हैं। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी अपनी ओर से राजकीय कोष को लूटने और लुटाने को तैयार हैं। टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने की बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लुटा सकता है। कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लुटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आयेंगे। वर्तमान में किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है, कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं, इसे सत्तापक्ष भी बताना नहीं चाह रहा।

इसी को लेकर देवी मंडप रोड, रांची में मंच की बैठक हुई जिसमें इस बात पर चर्चा हुई कि रांची शहर राज्य की राजधानी होने पर भी यहां इतनी समस्याएं क्यों हैं। आज तक बेहतर सड़क, 24 घंटे बिजली, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी राजधानी रांची वंचित है। अव्यवस्थित शहरीकरण से बारिश में पूरा रांची डुबा रहता है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आज तक जनोपयोगी नहीं बनाया गया। एक भी बड़े उद्योग-धंधे स्थापित नहीं हुए। बड़े तामझाम से बाहरी निवेश का दावा हवा हवाई साबित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है। लोग रोजी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाहर निकल रहे हैं। खेतों को सिंचाई के लिए एक योजना धरातल पर नहीं उतरी। महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वावलंबन और आत्म सम्मान से उपार्जन के उपाय करने की बजाय उन्हें मुफ्तखोर की संज्ञा दिलवा कर अपमानित किया जा रहा है। बैठक में राजीव झा, डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## बालों की देखभाल के लिए सरसों तेल सबसे बेहतर : जावेद हबीब



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बालों की देखभाल के लिए सरसों तेल सबसे बेहतर है। आप इसको सप्ताह में दो से तीन बार बालों में जरूर लगायें। इससे आपके बालों को मजबूदी मिलेगी। ये बातें सोमवार को हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने फ्रेंचाइजी मीट के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में बहुत जल्द रांची और जमशेदपुर में हम अपनी एकेडमी खोलेंगे जहां बच्चों को बालों की देखरेख में उच्च शिक्षा दी जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने खाने में हरी सब्जियां और दूध का इस्तेमाल जरूर करें और जितना हो सके पानी पियें, जिससे बालों को सफेद होने से रोका जा सके।

इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड के जावेद हबीब सैलून एवं अकेडमी के फ्रेंचाइजी संचालकों ने हिस्सा लिया। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार - झारखंड अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक हैं। कंपनी के पूरे भारत में 1000 से अधिक सैलून हैं।

## श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में सोमवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान रमेश सारस्वत अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला , मंत्री धीरज बंका एवं सारस्वत परिवार द्वार गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया । इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय – लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, राकेश सारस्वत, महेश सारस्वत, मधुसूदन सारस्वत, केशव सारस्वत, माधव सारस्वत अरुण धनुका, प्रमोद बगड़िया , बिनोद सारस्वत, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां का सहयोग रहा।

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर खाटू नरेश का विशेष पर्व उत्सव 16 अक्तूबर को

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा मौके पर खाटूनरेश का विशेष पर्व उत्सव का आयोजन बुधवार 16 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमो के साथ होगा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव होगा। उन्होंने बताया कि इस दिन मुख्य समारोह रात्रि 9.00 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें खाटूनरेश की अखण्ड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके भजन संकीर्तन की शुरूआत होगी। परितोष, एवं मिनी प्रीतम भजनों का संगीतमय गायन करने के लिए आ रही है।श्री खाटूनरेश सहित श्रीश्याम मंदिर में विराजमान देवी देवताओं को वस्त्र, विशेष श्रृंगार श्वेत (सफेद) रहेगा। राजनीगंधा, गुलाब,कोरोनेशन,आर्किड, मोती आदि के सफेद फूलों की मोटी- मोटी फूल मालाओं से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दिन सभी के आभूषण भी श्वेत (सफेद) होंगे । प्रसाद भी लगभग सफेद ही रहेगा। खीर - पुड़ी व हरा मिरचा की लुंजी , श्वेत काजू मेवा , श्वेत नारियल का भोग अर्पित किया जाएगा। वर्ष भर सिर्फ एक बार गर्भगृहो में भी सफेद लाईट जलेगी। कोलकाता और बेंगलोर से फूल मालाये आ रही हैं। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भजन- संकीर्तन का कार्यक्रम होगा। देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलेगा। विशेष श्वेत श्रृंगार का दर्शन भक्तजन सायं 5 बजे के उपरांत किया जा सकता है। खाटूधाम की परम्परा के अनुसार खाटूनरेश के गर्भगृह से प्राकृतिक पंखा इसी दिन हटाया जाएगा। मण्डल के अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनोली, स्नेह पौदार, रौनक पौदार, संजय सराफ, अरविन्द सोमनी, अभिषेक सरावगी, निखिल नारनोली सहित अनेक कार्यकताओं का शरद पूर्णिमा उत्सव की दायित्व दिया गया है।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा निंदनीय : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि लोग मानवता धर्म भुलते जा रहे हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को लेकर गढ़वा जिला के मदगाड़ी गांव और उत्तर प्रदेश महाराजगंज के बहराइच के अलावा अन्य राज्यों में भी विवाद, पथराव और आगजनी हिंसा हुई है, यह घोर निंदनीय है। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। श्री प्रसाद ने कहा कि हर धर्म के लोगों को हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। कहा किसी के घर के सामने या मस्जिद और मंदिर के सामने से धार्मिक जुलूस रास्ते से गुजरने से किसी धर्म का कोई अपमान नहीं होता है इस बात को शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों को अपने-अपने समाज के लोगों को समझाना पड़ेगा और गुनहगारों के विरुद्ध खड़ा होना होगा। भाई चारा और आपसी समरसता को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम छठ पूजा समिति की बैठक में कमेटी का गठन

- **संरक्षक सुनील गुप्ता (पूर्व पार्षद), आशा देवी (पूर्व पार्षद) एवं संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता बने**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छठ पूजा को लेकर सोमवार को न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम छठ पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि कुम्हार टोली चुन्ना भट्ठा से मधुकम तालाब के चारों तरफ लगभग दो किलोमीटर विद्युत सज्जा की जाएगी। तालाब के चारों तरफ विद्युत सज्जा और रोड के दोनों तरफ राइस लाइट से पूरे क्षेत्र को रौशन किया जाएगा। साथ ही पूजा को सफल बनाने के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक सुनील गुप्ता (पूर्व पार्षद), आशा देवी (पूर्व पार्षद) संस्थापक अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक चौधरी, संजय साव, संतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद राजन, राहुल गुप्ता,सतेंदर वर्मा, विक्रान्त विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा एवं ऋषभ गुप्ता, सचिव ओम प्रकाश शर्मा, राकेश जयसवाल, राजू साव, गुड्डू श्रीवास्तव, विनोद साव, मनीष सिंह, सुरेश गोप, कोषाध्यक्ष धनंजय सोनी, सुनील कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री बबलू साव, विक्की मिश्रा, मंटू शर्मा, गौरव वर्मा, सुरेश साव, नीरज चौधरी, विजय कुमार गुप्ता, भूपेंदर तिवारी, श्रीकांत सिंह, राजू राय, मधुकर सिंह, सूरज साव को मनोनित किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा एवं ऋषभ गुप्ता ने दी।

## ऐतिहासिक गुतरु मेला धूमधाम से संपन्न



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला सोमवार को संपन्न हो गया। इससे पूर्व रविवार की देर शाम गांव के रघुराम पाहन द्वारा जतरा खूंटा में विधिवत पूजा अर्चना की गई। मेला का उदघाटन प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, उपप्रमुख हरदेव साहु, थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो ने किया। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, चतरा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग के हजारों मेलार्थी शामिल हुए। मेला में समिति द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका मेलार्थियों ने देर शाम तक लुत्फ उठाया। गुतरु मेला में मेलार्थियों ने ईख, मिठाई समेत कृषि उपकरणों की जमकर खरीदारी की। क्षेत्र में मान्यता है कि गुतरु मेला के दिन से ही शादी के लिए बातचीत प्रारंभ होती है। मेला में ही लड़का व लड़की देखने की भी परंपरा शुरू की जाती है। मेला के सफल आयोजन में समिति के राहुल महतो, अशोक महतो, नागेश्वर महतो, मधुसूदन पाहन, शिवप्रसाद लोहरा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### एचईसी को हर हाल में बचाना है : अजय नाथ शाहदेव

**रांची।** पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। श्री शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर है। उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है। पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन द्वारा बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे। उन्होंने एचईसी प्रबंधन से कहा है कि अपना हठ छोड़ें और एचईसी को बचाने व मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें। मौके पर मजदूर नेता रंथू लोहार, दिलीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में एचईसी कर्मी उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा का छठा स्थापना दिवस 20 अक्टूबर को

- **वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर किया गया विचार-विमर्श**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कांके स्थित हीरानाथ साहु के आवास में सोमवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने की। बैठक में निर्धारित मुद्दों पर विचार-विमर्श के पाश्चात सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किये गये। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि 20 अक्टूबर को वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस रांची के आलोका सभागार में आयोजित किया जायेगा और इस स्थापना दिवस में केंद्रीय पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन 40% आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी और उपेक्षा करके आक्रोश को बढ़ावा दे रहे हैं। वैश्य मोर्चा इस तरह की सोंच का प्रतिवाद करते हुए अपने मुद्दों को लेकर हर स्तर पर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लेता है। तीसरे प्रस्ताव में कहा गया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा 19 अक्टूबर को रांची में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा को आमंत्रित किए जाने के लिए आभार व्यक्त करता है, लेकिन 20 अक्टूबर को स्थापना दिवस की तैयारी में व्यस्तता के कारण सामुहिक रूप से शामिल हो पाना संभव नहीं है। कोई भी पदाधिकारी या सदस्य व्यक्तिगत रूप से शामिल हो सकते हैं। चौथे प्रस्ताव में कहा गया कि स्थापना दिवस पर किसी सांसद, विधायक और मंत्री को आमंत्रित नहीं किया जायेगा, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवियों को ही आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में तय किया गया कि कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु सभागार सज्जा व्यवस्था के प्रभारी होंगे।

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ। अरविंद कुमार, नरेश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु, सचिव अमन कुमार उपस्थित थे, जबकि वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, उप-प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं संगठन सचिव अनिल वैश्य वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

## 'पुस्तक बैंक' की स्थापना को लेकर बैठक



**रांची।** 'पुस्तक बैंक' की स्थापना को लेकर स्थानीय अशोक नगर के महेश्वरी कन्या विद्यालय में सोमवार को बैठक में यह निर्णय लिया गया एबीकेएम झारखंड के द्वारा चित्रगुप्त पूजा के दिन 'पुस्तक बैंक' की स्थापना की शुरूआत की जाएगी और जो भी जरूरतमंद हैं वे पुस्तक बैंक से आकर पुस्तक ले सकते हैं। अपने समाज के बच्चे और अन्य समाज के भी जरूरतमंद आकर यहां पुस्तक बैंक से किताब ले सकते हैं। सदस्यों ने सभी लोगों से अपील है कि आपके यहां जो भी कोर्स की पुरानी व नई किताबें पड़ी हों तो कृपया पुस्तक बैंक में आकर माहेश्वरी कन्या विद्यालय में पुस्तक दान दें और विद्या दान के भागीदार बनें।

# खबर मन्त्र

रांची. मंगलवार. 15 अक्टूबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


## महंगाई की चिंता

भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई है। महंगाई नियंत्रित रही तो विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8**

**वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5**

**मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7**

**कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8**

**सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8**

**कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9**

**तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8**

**वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7**


**धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8**

**मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6**

**मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8**

## कार्टून वर्ल्ड



# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो



**सोनम** वांगचुक के नेतृत्व में एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए 100 से अधिक लोग दिल्ली पहुंचे। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत ये दल दिल्ली पहुंचा। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। यह लोग शांति पूर्ण ढंग से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। दिल्ली पुलिस इन्हें शक की नजर से देख रही है। अभी तक सरकार से आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए कोई संदेश नहीं मिला। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है किंतु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त कराएगी। इससे समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा।

सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा दे कर विधानसभा और उपराज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं, उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमांत क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था।

असम, मिजोरम, और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषद हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति- रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है।



- कुलभूषण

> देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है।

पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है, यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं।

यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकला जा सकता है, लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठे अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था। तब तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालयी प्रदेशों के लिए महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोड़फोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहा।

आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पोंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए स्माल इज ब्यूटीफुल पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्तप्रायः ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसद से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी।

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने नदी तंत्र पर जलविद्युत उत्पादन संबंधी मुद्दों पर रिपोर्ट देने के लिए अवय शुक्ल कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 7000 फुट से ऊपर जल विद्युत परियोजनाएं न लगाने की संस्तुति की। किंतु इस तरह के किसी भी संयम को मानने में वर्तमान व्यवस्थाएं असफल रही हैं। देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल प्रदेश में जल विद्युत उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किंतु जल विद्युत क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है। बड़े-बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बजाय यदि हर गांव में एक मेगावाट सौर ऊर्जा रूफ टॉप और अनुपजाऊ भूमि पर बना ली जाए तो भारत वर्ष में 6 लाख मेगावाट बिजली बनाई जा सकती है।

आसान ऋण व्यवस्था और हरित ऊर्जा सब्सिडी से इसे संभव और लोकप्रिय बनाया जा सकता है। इससे पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर भी पैदा होंगे और बृहद आकार निर्माण आधारित तोड़फोड़ से भी बचा जा सकेगा। अर्थात वैकल्पिक तकनीकें उपलब्ध भी हैं, नवाचार से खोजी भी जा सकती हैं। केवल राजनीतिक इच्छा शक्ति से दृढ़ता पूर्वक निर्णय लागू करने जरूरत है। आशा की जानी चाहिए कि लद्दाख आंदोलन को हल करने के लिए इस दिशा में सोचा जाएगा। आंदोलन अपने आप में गैरराजनैतिक है, किंतु ऐसी स्थितियों में राजनीतिक दलों को भी मुद्दा उड़ाने की कोशिशों से रोका नहीं जा सकता। फिर भी यदि वर्तमान भाजपा सरकार यदि मुद्दे को सुलझा लेती है तो उसे इसका राजनीतिक लाभ मिल ही जाएगा।

(लेखक, वरिष्ठ पर्यावरणविद हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## एक्स - ट्वीट

**वर्तमान** समय में आश्चर्यचकित करने वाली बीमारियां चुनौती बन रही हैं और इसका समाधान तत्काल राज्य के पास उपलब्ध नहीं हो पाता है।

लेकिन आने वाले समय में यह हम सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य में हर क्रिटिकल बीमारी का इलाज संभव हो सके, इसके लिए राज्य स्तर पर भी काम चल रहा है एवं निजी सहयोग के साथ भी हम लोग कार्य कर रहे हैं।

कई माध्यमों से हम लोगों ने स्वास्थ्य की व्यवस्था में सुधार करने की कोशिश भी की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य के पूर्व की स्वास्थ्य स्थिति में बहुत बदलाव आया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# धर्मेंद्र प्रधान: समर्पित कार्यकर्ता का शानदार सफर और हरियाणा की जीत

**आदिति फडणीस**

सामयिक

हरियाणा विधान सभा के चौंकाने वाले चुनाव नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 90 में से 48 सीटें जीत लीं और अब उसे निर्दलीय विधायकों की कोई आवश्यकता नहीं। यह कमाल धर्मेंद्र प्रधान की है। साथ ही जीतने वाले तीन निर्दलीयों ने भाजपा को समर्थन का ऐलान किया है। उनमें कम से कम देवेंद्र कादियान के लिए यह घर वापसी है। कादियान भाजपा में थे और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दिनेश कौशिक को हरा दिया। उन्होंने यह कहते हुए बगावत की थी कि भाजपा में टिकट खरीदे और बेचे गए हैं। एक अन्य विधायक राजेश जून बहादुरगढ़ से कांग्रेस के बागी उम्मीदवार थे, जो अब भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। हरियाणा चुनावों को इतनी बारीकी के साथ संभालना और बाद में बागियों का समर्थन पाना अगर मुमकिन हुआ तो उसके पीछे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान हैं, जो हरियाणा में पार्टी के चुनाव प्रभारी थे। बागियों को संभालना बहुत मुश्किल होता है और सत्ता में मौजूद भाजपा के लिए तो और भी मुश्किल था। निवर्तमान विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर होना लाजिमी है और उन्हें दोबारा टिकट नहीं देने पर बगावत और भारी नुकसान की आशंका भी होती है। पहली कोशिश तो यही होती है कि ऐसे विधायकों को बागी न बनने दिया जाए। बातचीत से कामयाबी न मिले तो डराने और ललचाने की कोशिश की जाती है। कुछ मामलों में दूसरे दलों के बागियों को भी जमकर बढ़ावा देना पड़ता है। कांग्रेस ने सभी 28 विधायकों को दोबारा टिकट दे दिया। उनमें से 14 हार गए। किंतु ज्यादा बागियों से जूझ रही भाजपा ने कई से बातचीत और सौदेबाजी की, जिसकी बागडोर प्रधान के ही हाथ में थी। उन्होंने एक महीने से भी ज्यादा वक्त तक हरियाणा में डेरा डाला और साम-दाम-दंड-भेद का इस्तेमाल कर बागियों को अपने पाले में रखने की पुरजोर कोशिश की।

कहने की जरूरत नहीं कि उनकी कोशिशें सौ फीसदी कामयाब रहीं। कादियान तो एक उदाहरण भर हैं (पैसे लेकर टिकट देने के उनके आरोप अब अनदेखे किए जा रहे हैं), प्रधान की असली चुनौती यह पक्का करना था कि भाजपा के बागी चुनाव हारें और पार्टी टिकट पर लड़ रहे प्रत्याशी जीतें। नायब सिंह सैनी सरकार में मंत्री रहे रंजीत चौटाला जैसे भाजपा के ज्यादातर बागी हार गए। यह ऐसा हुनर है, जो प्रधान ने ओडिशा की राजनीति में लंबा समय बिताते हुए सीखा है। वह मध्य ओडिशा के तलचर से हैं। उनके पिता देवेंद्र प्रधान राजनीति में सक्रिय थे और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रहे थे। धर्मेंद्र तलचर कॉलेज में पढ़ते समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बन गए थे और कॉलेज के पहले ही वर्ष में छात्र संघ के अध्यक्ष भी बन गए।

भाजपा के युवा कार्यकर्ता के लिए ओडिशा में काम करना मुश्किल था। वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी का बीजू पटनायक के साथ जो रिश्ता था, उसके कारण भाजपा राज्य में सत्तारूढ़ दल पर हमलावर नहीं हो सकती थी। हालत बिल्कुल वैसी थी, जैसे दोनों हाथ पीछे बांधकर लड़ने के लिए कहा जाए। जो दो नावों यानी भाजपा और बाद में बीजू जनता दल पर पैर रखकर भी संतुलन साध पाए, वे राजनीति में प्रधान जैसे जुझारू और लड़ाके नेता के मुकाबले अधिक कामयाब रहे।

प्रधान ने कदम-कदम पर संघर्ष किया। उन्होंने ओडिशा में पार्टी की जड़ें जमाईं और उसे सत्ता तक पहुंचा दिया। इस समय राज्य विधान सभा में भाजपा के सबसे ज्यादा विधायक उनके प्रबल समर्थक हैं मगर उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। मोदी की पहली सरकार में प्रधान तेल एवं गैस मंत्रालय में पहले राज्य मंत्री और बाद में कैबिनेट मंत्री बने। उन्होंने उज्ज्वला योजना और एलपीजी सब्सिडी छोड़ने के अभियानों को आगे बढ़ाया। पार्टी अब इनके बारे में ज्यादा बात नहीं करती।

नोटबंदी के फौरन बाद 2017 में उन्हें कौशल विकास मंत्रालय दिया गया। नौकरी तलाश रहे लोगों के लिए वह बहुत बुरा दौर था। उसके बाद कोविड महामारी ने दूसरा बड़ा झटका दिया। अब शिक्षा मंत्री के तौर पर प्रधान नीट तथा पेपर लीक के विवादों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही वह इस क्षेत्र पर अपनी छाप भी छोड़ना चाहते हैं।

प्रधान करिश्माई नेता या अद्भुत वक्ता नहीं हैं। परंतु जमीनी राजनीति और संगठन की समझ उन्हें बेहतरीन पार्टी कार्यकर्ता बनाती है। हरियाणा के पहले वह कर्नाटक, उत्तराखंड, झारखंड और ओडिशा में भी पार्टी के लिए चुनाव का काम संभाल चुके हैं। ओडिशा में शायद ही ऐसा कोई भाजपा कार्यकर्ता होगा जिसे वह नाम से न जानते हों। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाए तो ताज्जुब नहीं होगा।

# लाइक-कमेंट की चाह में मंडराती मौत की रील

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

मीडिया



**आज** का युवा रील लाइफ में जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर अधिक लाइक्स के चक्कर में खुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरूआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुकसान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा लाइफ में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुंच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहरों में ही युवाओं को फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में खुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुंच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना और बांध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी-किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और अधिक सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्व का अहसास कराना चाहिए। वैसे तो बहुत से विषय हैं रील बनाने के, यदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित की जा सकती है। रील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखें। बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें। बच्चों को वक्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की जरूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं। सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ गलत न कर सके।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

एक नजर में

## अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम की हुई बैठक

**कुजू।** मुरपा स्थित पंजाबी ढाबा में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के हजारीबाग व रामगढ़ जिला के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय महासचिव दसई किस्कू व संचालन भारत दिशोम के केंद्रीय कोषाध्यक्ष दीपक टुडू ने किया। बैठक में समाज के उत्थान व मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी 20 अक्टूबर को अक्षत बैंक्विट हॉल मुरपा में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के हजारीबाग व रामगढ़ जिला के कमिटी विस्तार को लेकर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नरेश हांसदा, विजय किस्कु, रामकुमार मांझी, भोला मुर्मू, मुंशी मांझी, चंदन हेम्ब्रोम, विनोद मरांडी, अनिल कुमार सोरेन, छोटेलाल सोरेन, चंद्रदेव मरांडी, वीरेंद्र हांसदा, सोनाराम किस्कु, निर्मल टुडू, शिवाजी सोरेन, गंगा मुर्मू, राधे मांझी, बिरजू सोरेन, रामकिशुन हांसदा सहित काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## सौंदा डी में मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को नम आंखों से दी गई विदाई

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा डी वर्कर्स क्लब के तत्वावधान में श्रीश्री दुर्गा समिति द्वारा सोमवार को ढोल-नगाड़ों के बीच मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं को अश्रु भरे नम आंखों से विदाई देते हुए विसर्जित किया गया। देवी-देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन सौंदा डी स्थित नलकारी नदी में किया गया। विसर्जन के मौके पर श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति के सचिव संजय यादव, मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, संजय भारती, सुरेश खरवार, उमेश साव, दीपक सिंह, कौशल सिंह, राजगिरी चौधरी, शेषनारायण पांडेय, बिहारी राम, रुदल कुमार, संजय सिंह, अरविंद कुमार, तीरथ राजभर सहित दर्जनों श्रद्धालु भक्त शामिल थें।

## भाकपा माले ने सांसद सुदामा प्रसाद व विधायक शिवप्रकाश रंजन को मतकमा में किया स्वागत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाकपा माले पतरातू प्रखंड कमेटी ने सांसद सुदामा प्रसाद एवं अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवप्रकाश रंजन का सोमवार को भुरकुंडा फोरलेन स्थित मतकमा चौक में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाकपा माले पतरातू प्रखंड कमेटी सचिव नरेश बड़ाईक, सरयू मुंडा, मनोज मांझी, दशाराम मांझी, महादेव मुर्मू सहित दर्जनों पार्टी कार्यकताओं द्वारा सांसद और विधायक का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक शिवप्रकाश रंजन एवं अभाकि महासभा के पुरनराम महतो बड़कागांव के गोंदलपुरा जाने के क्रम में मतकमा चौक में भाकपा माले कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया। बताया गया कि बड़कागांव के गोंदलपुरा में किसानों से दो सौ एकड़ जमीन जबरन अधिग्रहण कर लिया है। इसके विरोध में विगत दो वर्षों से किसान धरने पर बैठे हुए हैं। इसी मामले की जानकारी लेते हुए संघर्ष की आवाज को उंचाई तक पहुंचानेका काम किया जाएगा। सांसद और विधायक का स्वागत करने वालो में नागेश्वर मुंडा, बृज नारायण मुंडा, बबलू मांझी, गंगवा मांझी, मंजुल मांझी, सुरज मुर्मू, मनु मांझी, देवा मांझी, दीपक सोरेन, मनोज हेम्ब्रम, डॉ. आशीष कुमार, राजेश यादव सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## प्रदेश प्रेस प्रवक्ता नियुक्त हुए अशोक चौहान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा निवासी अशोक कुमार चौहान को ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलॉयज को-आर्डिनेशन कौन्सिल का झारखण्ड प्रदेश का प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। बताते चलें कि राम शब्द राम की अध्यक्षता आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से अशोक चौहान को वर्ष 2024-2026 के लिए झारखण्ड प्रदेश की ऑल इंडिया एससी, एसटी, बीसी एम्पलॉयल को-आर्डिनेशन कौन्सिल का प्रदेश प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। साथ ही आशा व्यक्त की गई है ये अपने इनके कार्यों से कौन्सिल को और बुलंदियो तक ले जायेंगे। इधर झारखंड प्रदेश के प्रेस प्रवक्ता अशोक चौहान अपने मनोनयन पर पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौंये गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर राष्ट्रीय सेक्रेट्री जेनरल नन्दकिशोर मांडलिक, संरक्षक एवं अन्य कौन्सिल गोरेलाल पासवान सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। अशोक चौहान की नियुक्ति पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

## मुखिया संघ बरही ने बीडीओ जयपाल महतो का किया स्वागत

**बरही।** बरही प्रखंड मुखिया संघ ने मुखिया संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष विजय कुमार यादव के नेतृत्व में नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो का भव्य स्वागत किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान संघ के सदस्यों ने बीडीओ को सामूहिक रूप से गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही क्षेत्र के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। बीडीओ जयपाल महतो ने इस गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए मुखिया संघ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बरही प्रखंड के विकास में मुखिया संघ की अहम भूमिका है और मैं सभी मुखिया के साथ मिलकर क्षेत्र में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। उपस्थित मुखिया ने अपने-अपने क्षेत्रों की चुनौतियों को सामने रखते हुए मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि वह सभी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेंगे और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वयन स्थापित करेंगे।

## भुरकुंडा शाखा ने विदाई सह स्वागत समारोह का किया आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रिभर साईड भुरकुंडा स्थित पीओ कार्यालय में सोमवार को विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कोफिमयू द्वारा भुरकुंडा के पूर्व पीओ मनोज कुमार पाठक को फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए बुके देकर विदाई दी गई। वहीं भुरकुंडा के नये पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी एवं नये खान प्रबंधक कमर फाहिम को फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बताया गया कि पूर्व पीओ एमके पाठक ढोरी एरिया के जीएम ऑपरेशन पद पर स्थापित हुए हैं। वहीं नये पीओ राकेश सत्यार्थी ढोरी एरिया के एएडी प्रोजेक्ट से भुरकुंडा आए हैं। जबकि नये खान प्रबंधक कमर फाहिम रजहरा एरिया के तेतरिया खान प्रोजेक्ट से यहां आए हैं। विदाई के मौके पर एमके पाठक ने कहा कि हमें यूनियन का पूरा सहयोग मिला है। यूनियन के सहयोगात्मक भाव के लिए भुरकुंडा को सदा याद रखुंगा। वहीं नये पीओ राकेश सत्यार्थी ने कहा की कोलियरी हित के लिए यूनियन प्रबंधन को सहयोग करे इसे और बुंलदियों तक ले जाने का कार्य करूंगा। इधर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारी यूनियन परियोजनाहित को सर्वोपरि मानते हुए काम करेगा। प्रबंधन भी यूनियन को पूरा सहयोग करे। क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने कहा कि नये टीम के नेतृत्व में भुरकुंडा और बेहतर प्रदर्शन करेगा। भुरकुंडा शाखा सचिव सह केंद्रीय कार्य समिति सदस्य पप्पू सिंह ने कहा कि मनोज पाठक ने कई चुनौतीयों से जुझते हुए परियोजना को आगे बढ़ाया है। उसी तरह नये परियोजना पदाधिकारी और खान प्रबंधक से भी काफी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमसभी मिलकर एक परिवार की तरह परियोजना को चलायेंगे और उसका ख्याल रखेंगे। मौके पर हरिशंकर पांडेय, मनोज कुमार, सुरेश, नीरज भट्ट, मनोज राम, बसंत बासपत, अरविन्द सहाय, रामदेव महतो, अर्जुन, बासुदेव, मनोज सिंह, रविंद्र शाह, उमेन्द्र कुमार, गौरी शंकर, दूज राम, बेलो शर्मा, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, कल्लू, ठुपा भुंइयां, पराश महतो, सुरेश मल्लाह आदि मौजूद थे।

# कब्रिस्तान में दफनाए गये महिला के शव को निकालने का प्रयास

### रामगढ़ गोडियारी बाग स्थित, जांच के लिए पहुंची पुलिस, समाज के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की







शव जिसे बाहर निकालने का प्रयास किया गया, स्थानीय लोग, जांच के लिए पहुंचे एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ गोडियारी बाग स्थित कब्रिस्तान में रविवार की रात असामाजिक तत्वों द्वारा दफनाये गए एक महिला के शव को निकालने का प्रयास किये जाने से समाज के लोग आक्रोशित हैं। इस संबंध में मुमताज मंसूरी ने कहा की हम चाहते हैं की जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है प्रशासन उसपर कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने बताया की जिस शव को दफनाये गये स्थान से निकालने का प्रयास किया गया है वह एक महिला का शव है। जिसे लगभग 1 सप्ताह पूर्व दफनाया गया था। इस संबंध में समाज के लोगों ने रामगढ़ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिये आवेदन में समाज के लोगों ने कहा है की आए दिन असामाजिक किस्म के लोग कब्रिस्तान में पहुंचते हैं और वहां नशे का सेवन करते हैं। लोगों ने थाना में दिये आवेदन में मांग किया है की कब्रिस्तान में इस प्रकार की गतिविधियों को रोका जाए ताकि हमारा कब्रिस्तान सुरक्षित रह सके। वहीं, मामले की जानकारी के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कब्रिस्तान पहुंचे और मामले की जांच की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों को आश्वासन दिया की मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण ट्रेनिंग में बाधा

**इचाक।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के सभी मुखिया सभी पंचायत सचिव सभी विएलइ का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मनरेगा योजना को पंचायत सचिवालय से क्रियान्वित किए जाने के संबंध में ट्रेनिंग दिया जा रहा था । लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायत आईडी पासवर्ड ट्रेनिंग में उपलब्ध नहीं कर कराए जाने के कारण ट्रेनिंग में बाधा उत्पन्न हुआ। जिससे लोग ट्रेनिंग को बहिष्कार करने का भी तैयारी कर रहे है।मनरेगा योजना का सभी कार्य पंचायत सचिवालय में बैठकर विएलइ से काम करवाना लेकिन सभी कार्य पंचायत से न होकर प्रखंड कार्यालय से वीडीओ और बीपीओ के मिली भगत से प्रखंड कार्यालय से किया जाता है।

## बरही विधायक ने दो पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



शिलान्यास में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत खैरोन गांव में डीएमएफटी मद से 1 करोड़ 64 लाख रुपए की प्राक्कलित लागत से 2.1 किलोमीटर कालीकरण रोड खैरोंन से लेकर कटियौन तक एवं ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुईया टोली तक पथ निर्माण 900 मीटर का कालीकरण रोड 70 लाख की प्राक्कलित राशि की लागत से निर्माण होगा। जिसका विधिवत शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि पांच वर्षो में बरही विधानसभा में दर्जनों सड़क उनके प्रयास से बनाए गए है। दर्जनों पुराने सड़को का मरम्मती किया गया है। कई डैम, पुल का निर्माण किया गया है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि मो रिजवान, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो गुलजार अंसारी, भोला सिंह, देवचंद यादव आदि उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग अवैध परिवहन आदि के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई : आयुक्त



बैठक में शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के शुरूआत सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पवन कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक के दौरान आंतरिक संसाधन (राजस्व संग्रह), विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालय वादों की समीक्षा, लंबित अन्य राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

## 108 नंबर एंबुलेंसकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के 108 नंबर एंबुलेंसकर्मी एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार से हड़ताल पर चले गये हैं। उनके नाराजगी की वजह यह है कि उन्हें चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। अब उनके अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है। इस नाराजगी की वजह बताते हुए एम्बुलेंस कर्मियों कहा कि चार महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समय पर वेतन नहीं और एम्बुलेंस गाड़ियों की रखरखाव में निबंधित कंपनी कोई ध्यान नहीं दे रही है । कहा कि गाड़ियों की झझड़ स्थिति के कारण पिछले कुछ दिनों में दो साथियो को जान गवाना पड़ा। ना निबंधित कंपनी ही मदद को आगे आई और ना ही मृतक के परिजनों को मुआबजा या इन्शुरन्स का कोई पैसा मिला। हर साल एक नयी कंपनी को ठेका मिल जाता है फिर उसमे हमलोग को पंजीयन करना पड़ता है जिसका शुल्क अलग से लगता है। जब तक इन सब चीजों को दुरुस्त नहीं किया जायेगा हमलोग हड़ताल पर रहेंगे। ज्ञात हो की एम्बुलेंसकर्मियों को पिछले चार महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसी बात को लेकर ये लोग नाराज हैं। अब सवाल ये है कि इस दौरान अब रेफर होने वाले मरीजों का क्या होगा? एंबुलेंस कर्मियों के हड़ताल पर जाने से मरीज और उनके परिजन खासे परेशान हैं। एंबुलेंस कर्मियों ने इससे पूर्व उपायुक्त और सिविल सर्जन को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि वेतन का शीघ्र भुगतान किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।108 एंबुलेंस संघ के अध्यक्ष ने बताया कि चार महीने का वेतन कंपनी ने अभी तक नहीं दिया है, जिसके कारण सभी कर्मियों का हाल बुरा है। इनके घरों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन से अनुरोध किया गया था कि हमलोगों का बकाये वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो १४ अक्टूबर से वे सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। हमारी बातें नहीं सुनी गई तब हमलोग मजबूरन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल पर जाने से रेफर होने वाले मरीजों की परेशानी काफी बढ़ गई है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरायी, मरीजो को हो रही है परेशानी



धरने पर बैठे कर्मी

**108 एंबुलेंस कर्मियों की मांग**

1. चार माह का बकाया वेतन भुगतान की मांग
2. श्रम कानून के तहत कार्य लेना।
3. ठेका प्रथा बंद हो।
4. सभी एंबुलेंस को सही समय पर मरम्मत कराना।

## नवपदस्थापित बीडीओ का बरही डीलर संघ ने बुके देकर किया स्वागत

**बरही।** बरही प्रखंड के नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से शिष्टाचार मुलाकात करने के लिए बरही डीलर संघ प्रखंड कार्यालय पहुंचा। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा डीलर के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ संजय यादव भी उपस्थित थे। डीलरों ने जन वितरण प्रणाली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें मामले से अवगत कराया।

## छडवा डैम में छलांग लगाकर किया आत्महत्या

### धर्मेन्द्र गोप का मृत्यु से कंचनपुर गांव में पसरा मातम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर निवासी धर्मेन्द्र गोप ने छडवा डैम छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। धर्मेन्द्र गोप पिता संतोष गोप उम्र 22 गांव कंचनपुर निवासी ने दुर्गा पूजा में जागरण देखकर घर आया और सुबह में अपना मोटरसाइकिल लेकर निकला, धर्मेन्द्र गोप अपने आस पास के गांवों में जाकर दुध इकठ्ठा करने का काम किया करता था। घर के लोगों को इस बात का अंदेशा नहीं था कि इतना बड़ा घटना हो सकता है। नित्य दिनों कि तरह घर से निकला काफी समय हो जाने के बाद पता चला कि छडवा डैम के पुल के पास में ही मोटरसाइकिल और चप्पल देखा गया। गांव के लोगों ने स्थानीय ओपी पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय को सूचना दिया गया और थाना प्रभारी ने कहा कि सुबह में एन डी आर एफ टीम भेजकर शव को बहार निकालने की बात कहा। सोमवार सुबह में फिर पुल के पास झगर फेंका गया और झगर के द्वारा पकड़ लिया और शव को बहार निकला गया। मृतक धर्मेन्द्र गोप का शव को ओ पी पेलावल पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया। विभिन्न पहलुओं को देखते हुए जांच किया जा रहा है।

## विधायक अंबा प्रसाद मुखिया व समर्थकों के साथ धनबाद में रेल प्रबंधक से की मुलाकात

### सीसीएल बरका-सयाल पाइप मरम्मती कार्य की मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद अपने समर्थको एवं मुखियाओं के साथ रविवार की रात्रि रेल प्रबंधक धनबाद से मुलाकात कर पतरातू प्रखंड के 14 पंचायतों की पेयजल समस्या से अवगत कराई। बताते चलें कि पिछले चार माह से पतरातू रेलवे फाटक के पास पाइप फट जाने से पेयजल आपूर्ति बंद थी। ग्रामीणों की पेयजल समस्या के समाधान का विधायक ने बीड़ा उठाया। अंबा प्रसाद के अथक प्रयास और कठिन परिश्रम के बाद रेल प्रबंधक धनबाद और सीसीएल के सीएमडी से मिलकर वार्ता कराकर पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से संचालन कराने की बात कही। मालूम हो कि रेलवे फाटक के नीचे पाइप फट जाने से पेयजल आपूर्ति की घोर संकट उत्पन्न हो गई है।



रेल प्रबंधक के साथ विधायक, मुखिया व कांग्रेसी

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–337980 Building(24-25).D एवं अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–(14/2024-25/EE/BCD/LATEHAR) के द्वारा प्रकाशित क्र०सं०–02 पर अंकित योजना (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मारंगलोईया में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जिलांग में लाईब्रेरी का निर्माण) कार्य को अपरिहार्य कारण से निविदा की तिथि बढ़ाई जाती है, जो निम्न प्रकार है:–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–14.10.2024 के 1:00 बजे अपराह्न तक के स्थान पर दिनांक–16.10.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 15.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक के स्थान पर दिनांक–17.10.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न के स्थान पर दिनांक–17.10.2024 के 3:30 बजे अपराह्न।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 338855 (Building) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (2ND Call)
PR No- - 322908(Road) 23-24(D)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–प०नि०वि०/राँची (ग्रामीण)–19/2024–25
दिनांक :– 09.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | राँची–मुरी पथ स्थित रामडेरा में नये निरीक्षण भवन का निर्माण कार्य साज–सज्जा सहित वर्ष 2023–24. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू० लाख में) | रू० 150.00 (एक करोड़ पच्चास लाख) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) | रू० 3.00 लाख (तीन लाख) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 (छः) माह |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.10.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 21.10.2024 12:00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे TenderOnline Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR 338810 Road(24-25)D

Government of Jharkhand
Urban Development and Housing Department
Nagar Panchayat Bundu

e-Procurment Notice (Tenders Notice call)
Very Short Notice

| S. l. | Tender id | Name of work | Amount | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NIT/BNP/Paver Block/06/2024-25 | Construction of Paver Block footpath at Bada Talab periphery from New Culvert to South-west Ghat | 2444800.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 14-10-2024 AT 04:00 PM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering .....http//:Jharkhandtenders.gov.In | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 14-10-2024 AT 04:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 21-10-2024 AT 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 22-10-2024 AT 03:00 PM | | | |
| 7 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | | 21-10-2024 AT 02:00 PM | | | |
| 8 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | NAGAR PANCHAYAT BUNDU | | | |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in& Notice Board office of the Nagar Panchayat Bundu.

Administrator
Nagar Panchayat Bundu

PR 338830 (Urban Development)24-25*D

# स्पेस एक्स की ऐतिहासिक उड़ान-अंतरिक्ष में नयी क्रांति

**शिवानंद उपाध्याय**




एलन मस्क के स्टारशिप रॉकेट के ताजा परीक्षण की दुनियाभर में चर्चा हो रही है यह अब तक का सबसे जोखिमभरा परीक्षण था। असल में इस परीक्षण के दौरान स्टारशिप रॉकेट को लॉन्च पैड पर वापस सुरक्षित उतारा गया और एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ऐसा कारनामा करने वाली दुनिया की पहली कंपनी बन गई है इसमें कंपनी ने पहली बार बूस्टर को वापस लॉन्च पैड पर उतारा। यह अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में एक बड़ा कदम है` इस परीक्षण के बाद तेजी से और दोबारा इस्तेमाल करने वाले रॉकेट बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना में स्पेसएक्स अहम चरण में पहुंच गया है

स्पेस एक्सप्लोरेशन के मिशन में सबसे बड़ी समस्या है- हर बार एक नये रॉकेट या लॉन्च व्हीकल का इस्तेमाल करके सैटेलाइट को स्पेस में भेजना, जो बेहद ही खचीर्ला काम है हर बार का कई सौ या हजारों करोड़ का खर्च होता है ऐसे में दोबारा उपयोग किए जाने वाले रॉकेट की समस्या अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और सरकारों के लिए सरदर्द बनी हुई थी, जिसे एलन मस्क और उनकी कंपनी ने इस साहसिक परिक्षण के माध्यम से समाधान कर लिया है` स्टारशिप रॉकेट की सबसे महत्वपूर्ण विशिष्टता उसका दोबारा उपयोग किया जाना है

स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। यह 121 मीटर लंबा है। इसमें 33 मीथेन इंजन लगे हैं। इस रॉकेट ने टेक्सास के दक्षिणी छोर से सुबह 7:25 बजे उड़ान भरी। उड़ान के लगभग ढाई मिनट बाद, सुपर हैवी बूस्टर स्टारशिप के ऊपरी हिस्से से अलग हो गया। बूस्टर सात मिनट बाद वापस आया। लॉन्च टॉवर पर बूस्टर को सुरक्षित लैंड कराया गया। केवल बूस्टर ही सटीक तरीके से नहीं उतरा बल्कि स्पेसएक्स ने यान के हार्डवेयर के कुछ हिस्सों को सुरक्षित बचाने में कामयाबी भी हासिल की, जिसकी उम्मीद नहीं की जा रही थी इसका मतलब यह है कि यदि कोई रॉकेट पहली बार उड़ान में विफल हो जाता है, तो इसे दोबारा उड़ाया जा सकता है

इस परीक्षण को स्पेसएक्स के सबसे साहसी और सफल अभियानों में से एक माना जा रहा है। इससे पहले, जून 2024 में स्पेसएक्स ने एक सफल उड़ान भरी थी, जिसमें रॉकेट ने बिना किसी विस्फोट के अपनी यात्रा पूरी की। यह स्टारशिप रॉकेट का पांचवा परीक्षण था, जिसमें कोई बड़ी तकनीकी खामी सामने नहीं आई और यह सफलतापूर्वक अपने मिशन को अंजाम दे सका।

यह रॉकेट 150 टन पेलोड ले जाने की क्षमता रखता है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। इसके 33 रैप्टर इंजन इसे अब तक का सबसे शक्तिशाली और तेज गति वाला रॉकेट बनाते हैं, जिसकी गति 27,000 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है।

बूस्टर के सुरक्षित रूप से वापस आने को स्पेस एक्स के इंजीनियरों ने ह्लऐतिहासिक दिनह्व करार दिया है` इस सफलता का अंतरिक्ष यात्रा के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यह मिशन की लागत को काफी कम कर सकता है और लगातार लॉन्च की क्षमता को बढ़ा सकता है। लॉन्च पैड पर बूस्टर को सुरक्षित रूप से उतारने से मिशनों की जटिलता में कमी आएगी, जिससे अंतरिक्ष यानों को तेजी से मिशन पर भेजने में मदद मिलेगी। स्टारशिप कार्यक्रम का उद्देश्य चंद्रमा और मंगल ग्रह के मिशन सहित गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण को सुविधाजनक बनाना है, जिससे यह उपलब्धि उन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण कदम बन सके।

यह न केवल एलन मस्क के लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक नई संभावनाओं का द्वार भी खोलता है। इस परीक्षण के माध्यम से अब एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनॉयर भी बन जाएंगे भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा को और अधिक आम और सस्ता बनाने के लिए यह तकनीक एक महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। यह परीक्षण मंगल और अन्य ग्रहों पर भी मानव मिशनों की संभावनाओं को खोलता है। इससे विभिन्न सरकारों और कंपनियों के लिए अंतरिक्ष में अपने मिशनों को आयोजित करना आसान हो जाता है।

कुछ ही सालों में एलन मस्क की स्पेसएक्स दुनिया में सबसे ज्यादा सैटेलाइट लॉन्च करने वाली कंपनी बन गई है यह कई ट्रिलियन डॉलर का व्यवसाय है, जिसपर अभी एलन मस्क का एकाधिकार है भारत का इसरो भी सैटेलाइट लॉन्च करने की दिशा में काफी पहले ही कदम बढ़ा चुका है, लेकिन इसे काफी दूरी तय करनी है

## कोल्हान में जान-बूझकर हारती है भाजपा ?



**पंकज प्रसून**

रोजमर्रा की बातचीत में कई भाजपाई मुझसे पूछते हैं कि इस विधानसभा चुनाव में बीजेपी की क्या संभावना है?

मैं उन्हें हर बार यही उत्तर देता हूं कि क्या बीजेपी खुद जीतना चाहती है? झारखंड में सरकार बनने और न बनने का खेल 5 से 10 सीटों का है, झारखंड भाजपा जानबुझकर 5 से 10 सीट तो खुद हार जाती है। तोहफे में दे देती है।

उदाहरण से समझिए, भाजपा के किस कार्यकर्ता या राज्य में किसे नहीं पता है कि रघुवर दास और सरयू राय की निजी दुश्मनी की वजह से बीजेपी को नुकसान हुआ?

जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी ही नहीं, करीब 7 सीटें ऐसी थी जिसे इन दोनो महानुभावों ने पार्टी को हरवा दिया। लेकिन नहीं, व्यक्तिगत दुश्मनी सरकार बनाने या जीतने से ज्यादा जरूरी है। तो निभाओ अपनी-अपनी दुश्मनी, इसके चक्कर में पार्टी का नुकसान होता है तो हो?

**आगे सुनिए,**

जब पार्टी ने कह दिया कि रघुवर दास या उनके परिवार का कोई सदस्य पूर्वी से नहीं लड़ेगा, तो उकसाने के लिए ढुल्लू को भेज दिया। ढुल्लू दुश्मनी खत्म करने गए थे या आग में पेट्रोल डालने, ये आप खुद




तय करें ?

अगर ढुल्लू महतो से आग पूरी तरह नहीं भड़की हो तो पार्टी के अंदर के ही कुछ मंथराओं ने स्थानीय न्यूज पोर्टल में रामबाबू तिवारी का नाम जमशेदपुर पूर्वी से उछलवाना शुरू किया। रामबाबू तिवारी और सरयू राय एक दूसरे के कट्टर दुश्मन हैं। आपस में केस- फौदारी से लेकर समर्थकों के बीच मारपीट वगैरह सब हो चुका है।

जरा सोचिए कि कैसा माहौल होगा कि ठउ्अ के दो घटक के दो उम्मीदवार एक ही शहर में आपस में मारपीट, बयानबाजी और केसा-केसी कर रहे हों ? हो सकता है कि रामबाबू तिवारी का नाम सुनते ही सरयू राय पूर्वी से ही लड़ने की ज़िद कर बैठें?

**बीजेपी वाले खुद बताएं कि चुनाव जीतने का माहौल बनेगा या हारने का?**

भाजपा को भाजपाइयों द्वारा हराने की कहानी यहीं खत्म नहीं होती। बहरागोड़ा गया, वहां खुद भाजपा के कार्यकताओं ने ही बताया कि सांसद विद्युत वरण महतो किसी भी कीमत पर बीजेपी को बहरागोड़ा से जीतने नहीं देंगे। वजह, उन्हें अपने बेटे के लिए 2029 तक ये सीट खाली रखनी है। जब भाजपा के बाकि लोग हारेंगे, तभी तो उनके बेटे का नंबर लगेगा? वाह! क्या सोच है?

तो विद्युत वरण महतो के अथक प्रयास से लगातार तीन बार से बहरागोड़ा सीट बीजेपी हार रही है, और इस बार भी कमजोर उम्मीदवार की उनकी खोज पूरी हो चुकी है। एक ऐसा उम्मीदवार जो जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं जीता।

कोल्हान में भाजपा द्वारा भाजपा को हराने की कहानी लंबी है। अर्जुन मुंडा ने मधु कोड़ा को ठिकाने लगाया, शैलेंद्र महतो को दरकिनार किया और बाद में रघुवर दास ने अर्जुन मुंडा के साथ वही किया।

कौन कहता है व्यक्ति से बड़ी पार्टी, यहां तो व्यक्ति के चक्कर में जीती हुई सीट पार्टी हार जाती है।

बात सिर्फ. कोल्हान की नहीं है। संथाल में निशिकांत दुबे और विधायकों के संबंध देख लीजिए। लोकसभा चुनावों में निशिकांत दुबे भाजपा से खड़े हुए तो राज पालीवाल, रणधीर सिंह, नारायण दास आदि भाजपा के विधायक उन्हें हराने में जुट गए। अब बारी विधानसभा की है, तो निशिकांत दुबे बीजेपी के विधायकों को हराएंगे?

पलामू प्रमंडल से लेकर कोयलांचल तक भाजपाई ही बीजेपी को हराने में जुटा है।

जनता तो बीजेपी को जिताने के लिए तैयार बैठी है, लेकिन जब पार्टी के नेता खुद ही पार्टी को हराने में लगे हों तो कोई क्या कर सकता है।

लगता है कि शिवराज जी और हिमंत विश्व शरमा को सोंटा और लाठी लेकर बैठना होगा। जो पार्टी को जिस वक्त नुकसान पहुंचाना शुरू करे, उसी वक्त उसको अंदर कमरे में बुलाकर ........

इस पोस्ट में जानबूझकर हनी और मनी वालों का जिक्र नहीं कर रहा, बाकि पाठक खुद समझदार हैं।

आपस में नहीं लड़े और पैसे लेकर टिकट नहीं बेचा तो सरकार निश्चित बन रही है।


(लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

## इजराइल पर हमास के आक्रमण के एक साल बाद

इजराइल पर हमास के भीषण आतंकी हमले को आज एक साल पूरा हो गया। इजराइलियों ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया और बंधकों की शीघ्र रिहाई के लिए प्रार्थना की। हम आपको याद दिला दें कि एक साल पहले हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्टूबर को इजराइल में रॉकेट हमलों के अलावा जमीनी हमले भी किये थे। हमास के आतंकवादियों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 बंधकों को वह गाजा ले गए थे।

इजराइली सेना और पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा बल आज पूरे देश में हाई अलर्ट पर हैं क्योंकि उन्हें 7 अक्टूबर, 2023 की सालगिरह के दिन संभावित फिलिस्तीनी हमलों की आशंका थी। रिपोर्टों के मुताबिक, इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में आवाजाही आज बाधित है साथ ही प्रवेश परमिट रखने वाले कुछ फिलिस्तीनियों को उनके मोबाइल फोन पर नोटिस मिला है कि उन्हें सोमवार को इजराइल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

आज भी गाजा में 101 इजराइली अब भी बंधक बने हुए हैं। इजराइली सेनाएं क्षेत्र पर हमास के शासन को खत्म करने और उसकी सैन्य क्षमताओं को ध्वस्त करने के अपने मिशन पर लगातार आगे बढ़ रही हैं। लेकिन युद्ध का ध्यान तेजी से उत्तर की ओर लेबनान में स्थानांतरित हो गया है, जहां ईरान समर्थित हिज्बुल्ला समूह द्वारा मिसाइलों की बौछार शुरू करने के बाद से इजराइली सेना गोलीबारी कर रही है। सीमित दैनिक संघर्ष के रूप में जो चीज शुरू हुई थी वह बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर बमबारी और सीमावर्ती गांवों में जमीनी हमले में बदल गयी। इजराइल के हमले में पिछले दो हफ्तों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा दक्षिणी लेबनान से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है, जहां 1 मिलियन से



अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इजराइल ने 1 अक्टूबर को दूसरे ईरानी हमले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उसने कड़ी प्रतिक्रिया देने की कसम खाई है। इजराइली हवाई हमलों में हमास और हिजबुल्ला नेताओं के मारे जाने के जवाब में ईरान ने जब इस सप्ताह इजराइल पर 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागीं थीं तो कुछ लोग तेहरान की इस जोरदार प्रतिक्रिया को देखकर दंग रह गये। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने तुरंत एक निश्चित समय पर कठोर जवाबी कार्रवाई की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देर रात जब उनके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने एक बैठक की तो उसमें तय हुआ कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे। इसलिए यह देखना जरूरी हो जाता है कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई कैसी हो सकती है और क्या ईरान व इजरायल के बीच युद्ध की शुरूआत हो सकती है या फिर अमेरिका अपने वादे के अनुरूप इजराइल के लिए युद्ध में शामिल हो सकता है?

वैसे देखा जाये तो क्षेत्रीय युद्ध अब लगभग शुरू हो चुका है। लगभग एक वर्ष पहले गाजा में शुरू हुआ संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुका है। इजराइल अपनी सीमा से दूर देशों और समूहों से लड़ रहा है, जिसके कई वैश्विक परिणाम भी हैं। ईरान द्वारा किये गये हमले से ये साफ है कि यह संघर्ष एक तरफ इजराइल व उसके पश्चिमी सहयोगियों और दूसरी तरफ रूस व चीन द्वारा समर्थित ईरान और उसके सहयोगियों के बीच सीधा टकराव बन गया है। अमेरिका ने इजराइल को सैन्य और कूटनीतिक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जबकि रूस ने ईरान को लड़ाकू विमान और वायु रक्षा तकनीक भेजने का वादा किया है। रूस, यूक्रेन के साथ अपने युद्ध के लिए ईरान से हथियार भी खरीद रहा है, जिससे तेहरान को बहुत जरूरी नकदी प्राप्त हो रही है।

दूसरी ओर, इजराइल कई मोर्चों पर जंग लड़ रहा है। सबसे पहले इजराइल और गाजा के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 40,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास एक गुरिल्ला संगठन बन चुका है हालांकि अब भी विस्थापित फलस्तीनी आबादी पर उसका कुछ नियंत्रण है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) वेस्ट बैंक में बढ़ती आतंकी घटनाओं से पार पाने के लिए ईरान द्वारा मुहैया हथियारों और वित्तपोषित स्थानीय आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियान चला रहा है। इस बीच इराक व सीरिया में शिया उग्रवादी और यमन में हूती विद्रोही अभी भी इजराइल के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि शिया और हूती ईरान के अन्य छद्म समूह हैं। वहीं इजराइल और अमेरिका दोनों ने यमन में हूती विद्रोहियों पर जवाबी हमला किया है।

इजराइल ने दो सप्ताह पहले एक निर्णायक कदम उठाते हुए हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोट करने का आदेश दिया क्योंकि नेतन्याहू को डर था कि इस ऑपरेशन के उजागर होने का खतरा है। इसके बाद इजराइली सेना ने हिज्बुल्ला के एक शस्त्रागार को नष्ट करने के उद्देश्य से एक बड़े पैमाने पर हवाई अभियान चलाया। इस शास्त्रागार में 150,000 मिसाइलों, रॉकेट और ड्रोन होने का अनुमान था। इजराइली हमले के परिणामस्वरूप लगभग दस लाख लेबनानी लोगों को अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# गति शक्ति योजना : जिद और जुनून से बदलती है दुनिया

**मुकुंद**

बहुत बार कहा जाता है कि जिद, जज्बा और जुनून से दुनिया बदली जा सकती है। यह न तो मुहावरा है, न ही इसे लोकोक्ति कहा जा सकता है। मगर इन तीन शब्द का संकल्प जिसने भी लिया, समझो उसने आधी सफलता तो पहले ही प्राप्त कर ली। ...और आधी पर तो कार्यान्वयन के साथ जीत मिलनी तो तय है। ऐसा ही कुछ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में कहा जा सकता है। उनके फैसलों पर ऐसी ही दृढ़ इच्छाशक्ति झलकती है। वो अपने फैसलों पर चट्टान की तरह खड़े होते हैं।

तारीख-15 अगस्त, 2021 स्थान-लाल किले की प्राचीर। इसी प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गति शक्ति योजना की घोषणा की। तब किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि यह योजना भारत के लोगों के जीवन को आसान करने में सहायक होगी। इस योजना के तीन साल 13 अक्टूबर को पूरे हुए हैं। बड़ी सूचना है कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत 208 प्रोजेक्ट्स के मंजूरी की सिफारिश हुई है। इनपर 15.39 लाख करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

यह सड़क और रेलवे समेत अलग-अलग मंत्रालयों के प्रोजेक्ट्स हैं। इन सभी की सिफारिश नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की है। इस ग्रुप ने पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा के बाद आकार लिया। इंडस्ट्रियल और इंटर्नल ट्रेड प्रोमोशन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि 208 प्रोजेक्ट्स को इस पहल के दायरे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया गया है। वह कहते हैं कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को शामिल करने के कई तरह के फायदे होते हैं। इन प्रोजेक्ट्स की समय सीमा से लेकर प्लानिंग खर्च में भी कटौती होती है। इस सिफारिश में सबसे ज्यादा प्रोजेक्ट्स सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और चार ऑयल और गैस मंत्रालय के हैं।

यहां यह जानना बेहद अहम है कि केंद्र सरकार ने लॉजिस्टिक्स खर्च कम करने और इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने कि लिए इस पहल को अक्टूबर 2021 में लॉन्च किया। इस तीन साल की यात्रा में यह पहल मील का पत्थर साबित हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम गतिशक्ति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर 13 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम के अनुभूति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि पीएम गतिशक्ति ने भारत की अवसंरचना विकास यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ''आज, जब गतिशक्ति ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं तो मैं भारत मंडपम गया और अनुभूति केंद्र का दौरा किया, जहां मैंने इस पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। पीएम गतिशक्ति ने भारत की बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का शानदार उपयोग किया जा रहा है कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों और किसी भी संभावित चुनौती को कम किया जा सके।₹

इसमें कोई दोराय नहीं कि गति ही जीवन है। प्राचीन अवधारणा है-चरैवेतिचरैवेति। ऐतरेय ब्राह्मण उपनिषद में इसका उल्लेख है। यह जीवन का मूलमंत्र है। उपनिषद में यह मूलमंत्र देवताओं के राजा इंद्र ने अपने



बेटे रोहित को दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक पक्ष बेहद सुदृढ़ है। बहुत हद तक संभव है कि इसी महामंत्र के अनुष्ठान से पीएम गति शक्ति का विचार उनके मन में आया हो। बहरहाल चाहे जो भी, यह योजना बेमिसाल है। इसके छह स्तंभ हैं- व्यापकता, प्राथमिकता निर्धारण, अनुकूलन, तालमेल, विश्लेषण और गतिशीलता। इसमें केंद्रीकृत पोर्टल के साथ विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की सभी मौजूदा और नियोजित पहल शामिल होती हैं। इससे असरदार क्रियान्वयन में मदद मिलती है। यह महत्वपूर्ण है कि विकसित बुनियादी ढांचे के जरिये ही दुनिया के अधिकांश देशों ने तरक्की की है। वह चाहे अमेरिका हो, जापान हो या फिर दक्षिण कोरिया और चीन। सभी ने मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की मदद से ही सिर्फ एक ही पीढ़ी के दौरान विकास की सर्वाधिक रफ्तार हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी प्रणीत पीएम गति शक्ति योजना इनसे भी अधिक प्रभावशाली है।

भारतीय रिजर्व बैंक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के अध्ययन के अनुसार, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खर्च किए गए हर एक रुपये से जीडीपी को ढाई से साढ़े तीन रुपये का फायदा पहुंचता है। मंदी के वक्त में यह बढ़ोतरी और ज्यादा असरदार होती है। अगर राष्ट्र में सड़कों, रेल लाइनों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, जल मार्गों का जाल बिछेगा तो सभी तरह के माल की ढुलाई की गति में तेजी आएगी। इससे लागत में कमी आएगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। शहरी और औद्योगिक केंद्रों के विकास में मदद मिलेगी तो लोगों की कमाई बढ़ेगी। केंद्र और राज्य सरकारों की कमाई में भी इजाफा होगा। सरकारों की कमाई बढ़ेगी, तो वे विकास और खुशहाली बढ़ाने के लिए ज्यादा काम करेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2021 के स्वतंत्रता दिवस भाषण में इस बात पर जोर दिया था कि नेशनल मास्टर प्लान गति शक्ति करोड़ों देशवासियों के सपनों को साकार करने में मदद करेगा। तीन साल की उपलब्धियों से कहा जा सकता है कि पीएम गति शक्ति ने विभागीय बंधन तोड़े। आज यह योजना आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने वाली प्रमुख दीर्घकालीन योजनाओं में से एक है। आज यह आवश्यक है कि इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को आसान भाषा में आम लोगों तक पहुंचाया जाए।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

स्पीड न्यूज

## मांडर : ग्रामीणों ने पकड़ा आठ फीट का अजगर



**मांडर।** थाना क्षेत्र के करगे मड़ई टोला में सोमवार अहले सुबह एक विशाल अजगर को ग्रामीणों की पकड़ में आया। ग्रामीणों ने बताया कि यह लगभग आठ फीट लंबा था और इसका वजन पचीस से तीस किलो के बीच था। गांव का ही एक व्यक्ति सुबह सड़क पर टहल रहा था तभी उसकी नजर सड़क पार करते अजगर पर पड़ी, उसके द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण जमा हो गए और अजगर को पकड़ लिया। हालांकि कुछ घंटे के बाद ग्रामीणों ने अजगर को हातमा जंगल में ले जाकर छोड़ भी दिया।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सोनाहातू – सिल्ली सड़क के बलुवाडीह मोड के समीप दो बाइक में सीधी टक्कर से बाइक सवार एक युवक ओर चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना रविवार देर शाम बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया गया है कि टीवीएस अपाची जेएच 01इएन 6283 और होंडा साइन जेएच 01एटी 7604 में सीधी टक्कर हो गया। टक्कर के बाद दोनों बाइक में सवार सभी एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस के मदद से लोगों ने पांचों को सोनाहातू अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही एक युवक का मौत हो गया। युवक थाना क्षेत्र के चोगा गांव के 19 वर्षीय हीरा मछुवा बताया गया है। बाकी घायलों में गणेश मछुवा,कल्पना देवी,सूरज महतो, प्रदुम महतो गंभीर रूप से घायल है। बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

## मांडर : सड़क हादसे में दो युवक घायल

**मांडर।** प्रखंड के कैम्बो सरगांव मुख्य पथ पर सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढ़ाखुखरा निवासी 25 वर्षीय सूरज कच्छप और 30 वर्षीय मनीष खलखो कैम्बो की ओर जा रहे थे, इसी दौरान सामने से एक पिकअप वैन आ रहा था जिससे उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। पिकअप वैन तमाड़ से मवेशीयों का चारा लेकर आया था और सरगांव से खाली कर वापस लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर किया गया। पर 108 वाली एंबुलेंस सेवा के हड़ताल पर रहने के कारण दोनों घायलों को प्राइवेट वाहन से रिम्स भेजना पड़ा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पिता-पुत्र का एक साथ उठा जनाजा तो नम हो गई सभी लोगों की आंखें

**मांडर विधायक सहित कई गणमाण्य लोग हुए शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के रांची जिला अध्यक्ष सफदर इमाम व उनके पुत्र अहियान का सोमवार को हजारों लोगों ने नम आंखों से इटकी मुख्य कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्दे खाक किया गया। दोपहर दो बजे इटकी गुलजार रोड स्थित उनके पैतृक आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इससे पूर्व पैतृक आवास में शव पहुंचने के बाद से ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। पिता-पुत्र का शव देख कर लोगों के आंखें नम हो गई थी। पूरे गांव का माहौल गमगीन और शोक में डूबा हुआ था। मृतक की पत्नी गुलफशां परवीन अपने पति और पुत्र के शव को सुनी आंखों से निहारती गमों से निढाल बार-बार बेहोश हो रही थी। आवास से जब जनाजा उठाया गया तो परिजनों के चीत्कार से लोगों की आंखें नम हो गई। अंतिम यात्रा में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कांग्रेस के रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष सह पाकुड़ विधानसभा प्रभारी ऐनुल हक अंसारी, कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, छात्र नेता आमया एस अली, रांची अंजुमन के पूर्व अध्यक्ष अबरार अहमद, पूर्व डीडीसी परमेश्वर भगत सहित हजारों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने परिजनों को ढांढस बंधाया और अपूर्णीय क्षति पर शोक व्यक्त किया। वहीं आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने शिक्षक संघ के अध्यक्ष व शिक्षक सफदर इमाम और उनके पुत्र का दुर्घटना में हुई मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उसकी निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। ज्ञात हो कि रविवार को लातेहार से लौटने के क्रम में एनएच-75 पर करमाही मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में सफदर इमाम और उनके पुत्र की मौत हो गई थी।



## कार्तिक उरांव की जयंती पर जतरा 29 को

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक विशु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के कार्यक्रम को भव्य पूर्वक मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा देश के महान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। जिसके तहत बेड़ो में भी इस वर्ष से झारखंड एवं देश के महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से इस जयंती समारोह सह जतरा को सफल बनाने का आह्वान किया।

# मिलन समारोह : भाजपा में शामिल हुए कई कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** प्रखंड के पलमा स्थित कृष्णा होटल सभागार में आयोजित भाजपा मिलन समारोह में प्रखंड कांग्रेस सचिव मोहित गोप अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। सन्नी टोप्पो की अगुवाई में आयोजित मिलान समारोह में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मांडर विधानसभा प्रभारी रिपुसूदन साहू, जिप सदस्य रीना देवी व प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर महतो ने मोहित गोप के अलावे भाजपा में शामिल होने वाले अन्य लोगों को फूलमाला व पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के 24 वर्ष बाद भी मांडर विधानसभा का समुचित विकास नही हुआ है। पूर्व विधायक बंधु तिर्की और उनकी पुत्री शिल्पी नेहा तिर्की दोनों के विधायक के कार्यकाल 15 वर्षों तक रहा, लेकिन पिता पुत्री ने मांडर की जनता को छलने का काम किया है। राजधानी से महज 20 किलोमीटर स्थित इटकी प्रखंड विकास से कोसों दूर है। स्वास्थ्य, शिक्षा, नाली, सड़क, पेय जल सहित बुनियादी जन सुविधाएं धरातल पर नही उतारी जा सकी है। प्रखंड वासियों की पीड़ा विधानसभा चुनाव में जरूर दिखेगी। वहीं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भाजपा में शामिल होने वाले लोगों से कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो जन आकांक्षाओं के अनुरूप गोगो दीदी सहित पांच प्रण की घोषणाएं की गई है। उसे आम जनों तक पहुंचाने और मांडर विधानसभा से भाजपा को जिताने का संकल्प दिलाया।



**इन्होंने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता**

मिलान समारोह में सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस प्रखंड सचिव मोहित गोप, सोमरा पहान, रोहित गोप, बबलू गोप, सुंदर दास, अनुपम महली, सुका उरांव, सूरज उरांव, अमन उरांव, अनिल उरांव, संदीप उरांव, विजय केरकेट्टा, रवि केरकेट्टा सहित इटकी प्रखंड के कुंदी, कुर्गी, तिलकसूती,सियार टोली, बारीडीह, मोरो, खोरखा टोली, चिनारो पुरियो, सुगदा, रानीखटंगा गांव, सेमरा के दर्जनों लोग शामिल थे।

# बेड़ो में विधायक ने किया 32 योजनाओं का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार कृतसंकल्प है। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को कल्याण विभाग के तहत मांडर विधानसभा के पांच प्रखंड में से मांडर, चान्हो, इटकी, बेड़ो व लापुंग प्रखंड के 32 गांव में बनने वाली सरना स्थल, मसना स्थल व धुमकुड़िया के घेराबंदी निर्माण कार्य के संयुक्त शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जनजातियों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों की घेराबंदी हो जाने के बाद ग्रामीण इस स्थल का सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कामों में इसका उपयोग आसानी से कर पाएंगे। अब यह स्थल पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर होगा। वहीं झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसना,झखरा, धुमकुरिया, अखरा एवं सरना का घेराव किया जा रहा है। जिससे झारखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित व विकसित किया जा सके। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी नकुल साह मुखिया रमेश उरांव,रमेश महली पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मो फहीम, सोमरा लोहरा,राज कमल गोप व मनकु कुजुर समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



## मुड़मा मैदान में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक

**मांडर।** आदिवासी लोहरा समाज मांडर प्रखंड की बैठक ऐतिहासिक मुड़मा मैदान में सोमवार को बजरंग लोहरा की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी 18, 19 अक्टूबर में लगने वाली ऐतिहासिक मुड़मा जतरा को लेकर समाज की ओर से अधिक से अधिक संख्या में अपने पारम्परिक, भेष-भूषा गाजे-बाजे के साथ खोड़हा के रूप में शामिल होकर अपने पूर्वजों के लगाये जतरा को सफल बनाने हेतु आम सहमति बनी। लोहरा जनजाति अपने पारम्परिक हथियार से लैस होकर जतरा में आयेंगे।

## मुड़मा जतरा को लेकर प्रशासन संग संचालन समिति की बैठक

**मांडर।** ऐतिहासिक मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर पड़हा भवन में सोमवार को स्थानीय प्रशासन के साथ संचालन समिति की बैठक हुई। जतरा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित इस बैठक में जतरा संचालन समिति के अतिरिक्त खेलारी डीएसपी और मांडर की अंचल अधिकारी चंचला कुमारी भी मौजूद थी।

# अधिकारों को लेकर संघर्षशील हैं उप मुखिया और वार्ड सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड उप मुखिया सह वार्ड सदस्य संघ अधिकारों के लिये संघर्षशील है। इसके पहले चरण में मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया गया। बीडीओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कई मांगे की गयी। बात नहीं बनने से वह न केवल नाराज, बल्कि आंदोलित भी हैं। सोमवार को महामंत्री बंधु महतो की अगुआई में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी को उनके आवास में दस सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें मानदेय में वृद्धि समेत ग्राम सभा को सशक्त बनाने, पंचायतो में वार्ड सदस्यों की अनदेखी पर अंकुश लगाने व योजना चयन में भागीदारी आदि मांगे शामिल हैं। डॉ अंसारी ने राज्य कैबिनेट की अगली बैठक में संघ की मांगों पर विचार किये जाने का भरोसा दिलाया है। मौके पर चंद्रदीप उरांव, दिनेश तिग्गा, ममता देवी, नीरू, फुलमनी, उमेश, शिल्पा, चंपा, अजमुल व मुन्नी कुमारी आदि मौजूद थे।



# बाघवार अकादमी में मां दुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन

**कक्षा पांच से नौ तक के बच्चों ने किया नाटक का मंचन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बाघवार अकादमी में सोमवार को कक्षा 5, 8 एवं 9 के छात्र एवं छात्राओं द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों में पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कुष्मांडा, पांचवी स्कंदमाता, छठी कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवी सिद्धिदात्री का नाट्य मंचन किया गया। इस नाट्य मंचन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ साथ उनके द्वारा महिषासुर वध को भी दशार्या गया। कुलदीप कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया इस नाट्य मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों के नाम उनकी कक्षा अनुसार इस प्रकार हैं- श्रेया रानी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी सुचिता कुमारी , रेशमा कुजूर, आदिति कुमारी, अंजली कुमारी, इशा प्रिया ,माही कुमारी ,पीहू रानी ,निशा कुमारी , शिवम तिवारी , राहुल कुमार सभी कक्षा 9वीं के छात्र एवं छात्राएं हैं। आकांक्षा कुमारी एवं अरुण टोप्पो दोनों कक्षा 8 तथा सांची सलोनी , शिवानी कुमारी , आलिया निशा सभी कक्षा 5 की छात्राएं हैं।। यहां उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इस लघु नाटिका की अंतः मन से सराहना की। अपने संदेश भाषण में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा की दशहरा अथवा दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने अंदर व्याप्त बुराई को निकाल सच्चाई के मार्ग पर चलें क्योंकि अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी सहित सभी शिक्षक गण तथा नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।



# कामगारों को दशहरा में वेतन नहीं मिलना दु:खद : शाहदेव

**एचइसी कर्मियों का आंदोलन 10वें दिन भी जारी**



- संघर्ष में शामिल हैं 1622 कर्मी, भूखमरी के कगार पर कामगार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचइसी) के 1622 सप्लाई कर्मियों का आंदोलन सोमवार को दशवें दिन भी जारी रहा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव भी इसके हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि मजदूरों के न्याय की लड़ाई में वह कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं। दशहरा जैसे त्योहार में प्रबंधन की ओर से मजदूरों को वेतन से वंचित रखे जाने को उन्होंने दु:खद बताया। श्री शाहदेव ने भूखमरी का दंश झेल रहे कामगारों से कहा कि एचईसी देश की शान है, इसे बचाना जरूरी है। उन्होंने प्रबंधन से टेलीफोनिक बात की और हठ छोड़ समस्याओं के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया। मौके पर रंथू लोहार व दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

**वायरल खबर से आक्रोश**

प्रबंधन की ओर से पिछले दिनों कामगारों से बगैर साइन कराये एकतरफा सुलह पत्र वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सप्लाई मजदूर गुस्से में हैं। वह इसके खिलाफ आरपार के लड़ाई की मूड में हैं। कामगारों ने उनके हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

**एक नजर में**

## ओरमांझी : कुच्चू जतरा मेला 17 को

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू में 17 अक्टूबर को लगने वाले जतरा मेला की तैयारी जोर-षोर से की जा रही है। मेला मैदान बाजार टांड में रामझुला सहित विभिन्न प्रकार का झुले लगने शुरू हो गई है। वहीं मेला का सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति शारदीय दुर्गा पूजा सह जतरा मेला समिति के सदस्यों विभिन्न जिमेदारी सौंपी गई है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के अमित राज साहू ने बताया कि जतरा मेला के अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## लावारिस हालत में खड़ी बाइक बरामद

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने खभावन बाजार से सोमवार को एक लाल रंग की लावारिस सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दी कि विगत गुरुवार से एक स्प्लेंडर बाइक( ओडी 15 एन 9755) खभावन के समीप सड़क के किनारे लावारिस हालत में लगी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुरुवार को एक व्यक्ति बाइक खराब होने के बात कह कर मिस्त्री को लाने चला गया था । उसके बाद वापस नहीं लौटा।

## थाना प्रभारी संजीव कुमार का स्वागत



**ओरमांझी।** बीआईटी मेसरा के नये थाना प्रभारी संजीव कुमार को अंजुमन इस्लामिया कमेटी केदल द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष मोहम्मद रूस्तम अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को थाना पहुंचे अंजुमन इस्लामिया कमिटी के सदस्यों द्वारा थाना प्रभारी को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया, और संपूर्ण थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाएं रखने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुष लगाने में अंजुमन कमिटी द्वारा पूर्ण सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही आवष्कता पड़ने पर अंजुमन के सभी सदस्य उपस्थित रहेगें। साथ ही 15 अक्टूबर को केदल में होने वाले जलसे शामिल होने का आमंत्राण भी दिया गया। स्वागत करने वालों में सचिव समीम आलम, कोषाध्यक्ष रेयाज अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि महमुद अंसारी, असलम अंसारी, मुरसलीम अंसारी आदि शामिल थें।

## कार में टक्कर मारी, मारपीट कर सोने की चेन और रुपये छीने, मामला दर्ज

**नामकुम।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रहनेवाले फैयाज खान ने मौलाना आजाद गली नंबर 13 के रहनेवाले मो आमीर, हेना प्रवीन,सददाम,मो हसन और गुदडी चैक के रहनेवाले तब्बू पर कार में टक्कर मार कर शीशा फोड़ देने, मारपीट कर जख्मी कर देने और सोने की चेन और नौ हजार रूप्ये जबदस्ती ले लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी। थाने में दर्ज कराए प्राथमिकी में फैयाज ने बताया है कि रविवार को वह अपने बच्चो के साथ अपनी आई टेन कार से गली नंबर तेरह से गुजर रहे थे। उसी दौरान स्थानीय मो आमीर अपनी ई रिक्सा से तेजी से आया और उनकी कार में टक्कर मार दी। इससे पहले वे कुछ बोलते आमीर अपनी पत्नी हेना प्रवीन,सददाम, हसन और तब्बू के साथ उनके बच्चों और उनके साथ मारपीट की और उनकी कार का षीषा तोड दिया। उनकी सोने की चेन और नौ हजार रुपये ले लिए और जान मारने की धमकी दी। थानेदार ब्रहमदेव प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने फैयाज के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नामकुम।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान के प्लाण्डु केन्द्र में चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के दौरान सोमवार को संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी विपुल राज द्वारा केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुसंधान संस्थानों में निवारक, उपाय, प्रीवेन्टिव मेजर्स इन रिसर्च ऑर्गनाइजेशंस विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। मौके पर अपने संबोधन में श्री राज ने कहा कि भारत सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों में कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा कार्यों के समयबद्ध निष्पादन के लिए इस अभियान की शुरूआत की है। अपने व्याख्यान में उन्होंने सूचना अधिकार,क्रय प्रावधानों, ई ऑफिस आदि कार्यालय की प्रक्रियाओं में सतर्कता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की तथा केन्द्र के वैज्ञानिक, तकनीकी, प्रशासनिक समेत समस्त कार्मिकों का मार्गदर्शन किया। मौके पर केन्द्र के प्रधान डॉ अरुण कुमार सिंह ने सभी कार्मिकों से नियमों का पालन करते हुए कार्यनिष्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन समिति की अध्यक्ष डा रीना कुमारी कमल ने कार्यक्रम का संचालन तथा हिन्दी अधिकारी अणिमा प्रभा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

स्पीड न्यूज

## यूथ हॉस्टल के प्रदेश सचिव को पितृ शोक

**जमशेदपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव मनोज भौमिक के 91 वर्षीय पिता जय कृष्णा भौमिक का आज दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को तड़के प्रातः 3 :30 बजे असामयिक निधन हो गया। मौके पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ झारखंड और यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ जमशेदपुर यूनिट के पदाधिकारियों , अधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोगों ने उनके बड़ा गोविंदपुर स्थित निवास पहुंचकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव मनोज भौमिक, कोषाध्यक्ष ए वी नारायण, संगठन सचिव नटोन कुमार बोस, जमशेदपुर यूनिट की ओर से सचिव प्रदीप कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार झा, संयुक्त सचिव सचिव श्याम कुमार शर्मा, संगठन सचिन गोपाल महतो, बोलाई दास , देवराज मुख्य रूप से उपस्थित रहते हुए अंतिम यात्रा में शरीक हुए।

## खानकाह शरफ में दो दिवसीय वार्षिक उर्स का हुआ आगाज



**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर वेस्ट स्थित खानकाह शरफ मे पीरतरीकत हजरत शाह अहमद अली र . व हजरत शाह मोहम्मद फिरदौसी का दो दिवसीय वार्षिक परंपरागत ढंग से मनाया गया। आज प्रथम दिन बाद नमाज फजर कुरानख्वानी कार्यक्रम किया गया। 9 बजे मिलादुन्नबी समारोह सज्जादानशीं शाह हस्सान उसमानी की निगरानी में किया गया, जिस का आगाज इरफान अहमद अशरफी के कुरान के पाठ से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जामा अशरफी मुबारकपुर के मुफ्ती मो बद्र आलम मिसबाही ने अपने वक्तव्य मे कहा कि इमान व अकीदा नही तो नमाज व रोजा सब बेकार है। उन्होंने कहा कि नबी हैं तो उनके पावर जरूर है सा हमारा विशवास है। नबी गैब की खबर देने वाला है। मौलाना इरफान अहमद उसमानी ने कहा कि नबी स. को समस्त दुनिया के लिए रहमत बना कर भेजा गया है। इस के पूर्व हाजी औरंगजेब फिरदौसी ने नात प्रस्तुत किया। सलतोस्लाम व प्रार्थनीय शब्दों के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर नजीब अमादी, हाजी मंजर अमीन, प्रो जावेद अख्तर अंसारी, जुनैद खान, मसरूर उसमानी, आदिल फिरदौसी, सलीम अशरफी, मास्टर नसीम अहमद आदि उपस्थित थे। संचालन हाजी रजी नौशाद ने किया। दोपहर 3 बजे चादरपोशी की गयी। तत्पश्चात लंगर किया गया।

## नवल टाटा हॉकी अकादमी ने की नीदरलैंड दौरे के लिए फॉरेन एक्सपोजर टूर की शुरुआत




**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) ने नीदरलैंड दौरे के लिए अपने फॉरेन एक्सपोजर टूर की शुरुआत करने की घोषणा की है। 24 प्रतिभाशाली कैडेटों का एक समूह, एनटीएचए के कोचों और सपोर्ट स्टाफ के साथ, प्रतिष्ठित डेन बॉश हॉकी क्लब के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक मैचों में भाग लेने के लिए अकादमी का प्रतिनिधित्व करेगा। 14 अक्टूबर से शुरू होने वाला यह एक्सपोजर टूर हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को निखारने और एक प्रतिष्ठित मंच पर बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। डेन बॉश हॉकी क्लब के लिए यह एक्सपोजर टूर खिलाड़ियों को सांस्कृतिक जानकारी प्रदान करने, यूरोपीय पद्धतियों के अनुसार उनके स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग (एस एंड सी)को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय अकादमी संरचनाओं की गहरी समझ प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

# भाजपा सत्ता में आयी तो फिर से स्कूल बंद और बिजली बिल महंगा कर देगी : दीपक बिरुवा

- देवेंद्र माझी के आंदोलन और संघर्ष के कारण हमारा अस्तित्व बचा हुआ है : रामदास सोरेन
- गोइलकेरा में आयोजित देवेंद्र माझी के शहादत दिवस पर सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





गोइलकेरा बाजार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में परिसंपति बांटते मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा माझी और श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित आदिवासी समाज के लोग।

**गोइलकेरा/ जमशेदपुर।** गोइलकेरा बाजार स्थित शक्ति स्थल पर सारंडा-कोल्हान में जल, जंगल और जमीन आंदोलन के अगुवा रहे देवेंद्र माझी के बलिदान दिवस सह श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सूबे के आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा भाजपा अगर फिर सत्ता में आयी तो स्कूलों को बंद करने के साथ बिजली बिल महंगा कर देगी। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में विकास की कई योजनाएं शुरू की जिससे छात्र, किसान, गरीब और महिलाएं सभी वर्ग लाभान्वित हो रहे हैं।

मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मांगों को दोहराते हुए केंद्र सरकार से बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये लौटने की मांग की। कहा कि केंद्र सरकार ये पैसा लौटा देती हैं तो राज्य और तेज गति से विकास के पथ पर दौड़ने लगेगा। देवेंद्र माझी को गरीबों का सच्चा मसीहा बताते हुए कहा हमारी जिम्मेदारी है कि उनके विचारों को आगे बढ़ाये।

**देवेंद्र माझी के संघर्ष और बलिदान से बचे हुए हैं आदिवासी : रामदास सोरेन** – वहीं जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा देवेंद्र माझी के आंदोलन और संघर्ष के कारण हमारी अस्तित्व बची हुई हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा 18 साल के शासन में भाजपा ने आदिवासी अधिकारों को कमजोर करने का काम किया। कहा कि रघुवर दास का शासन नहीं कुशासन था। उन्होंने केंद्र सरकार से बकाया राशि की मांग करते हुए कहा अगर सरकार राशि लौटा देती हैं तो हम राज्य से पलायन को रोक देंगे। उन्होंने आने वाले चुनाव में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने की अपील की।

इससे पूर्व दोनों मंत्रियों ने गोइलकेरा बाजार स्थित शक्ति स्थल पर देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सांसद जोबा माझी समेत स्वजनों ने पुण्यतिथि पर देवेंद्र माझी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** जल, जंगल, जमीन आंदोलन के प्रणेता देवेंद्र माझी के बलिदान दिवस पर सोमवार को स्वजनों समेत समर्थकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। चक्रधरपुर के पंप रोड स्थित सांसद जोबा माझी के आवास में समाधि स्थल पर जोबा माझी के अलावा पुत्र जगत माझी, उदय माझी, अर्जुन माझी, प्रदीप अग्रवाल, लखीराम हेम्ब्रम, टीपी सोरेन, अमृत माझी, दीपक माझी, राजेश शर्मा पुत्रवधू समेत समर्थकों ने समाधि स्थल पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। आवास में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सांसद जोबा माझी समर्थकों के साथ गोइलकेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने रवाना हुई।



चक्रधरपुर आवास परिसर में बने समाधि स्थल पर पूजा करतीं सांसद जोबा माझी और उनके बड़े पुत्र जगत।

# पोटका में भूमिज समुदाय को भाजपा का बाहरी उम्मीदवार कतई मंजूर नहीं

- चर्चा है कि पोटका से मीरा मुंडा भाजपा के टिकट पर लड़ सकती हैं चुनाव
- पोटका में भाजपा से स्थानीय व भूमिज समाज का ही उम्मीदवार मंजूर : संतोष

**खबर मन्त्र टीम**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते संतोष सरदार व साथी।

**पोटका/ जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट अंतर्गत पोटका विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बाहरी प्रत्याशी खड़ा करना महंगा साबित हो सकता है। भूमिज बहुल इस विधानसभा क्षेत्र से अभी झामुमो के संजीव सरदार विधायक हैं, जो जनाधार के मामले में अभी कमजोर दिख रहे हैं,और भाजपा को भरोसा है कि इस सीट पर 2024 के विधानसभा चुनाव में उसकी वापसी की गारंटी है। जैसा की होता आया है जीत की सुगंध मिलते ही भाजपा नेतृत्व अंड-बंड निर्णय अपने कार्यकर्ताओं को थोपने लगता है, किन्तु अब पोटका से सबसे बड़े मतदाता आधार वाले भूमिज समाज ने स्पष्ट कर दिया है कि वह भाजपा नेतृत्व की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेगा।

भाजपा नेतृत्व से पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार की जगह कभी पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा मुंडा तो कभी झामुमो से भाजपा में हाल में आये चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट देने की पुडिया उड़ायी जा रही है। इससे भूमिज समुदाय में बेहद आक्रोश है। अब तक की माने तो भाजपा का नेतृत्व यहां श्रीमती मीरा मुंडा पर दांव लगाना चाहता है। कुछ दिन पूर्व ही पोटका विधानसभा के पत्रकारों के एक दल को अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा,जमशेदपुर आवास पर विशेष खातिरदारी के साथ बुलाया गया था जिसमें अर्जुन मुंडा ने पोटका के राजनीतिक माहौल को पत्रकारों के नजरिए से परखने की कोशिश की। पत्रकारों ने बार-बार पूछा कि आप पोटका से लडेंगे? उन्होंने मुस्कराते हुए कहा, नहीं मुझे दिल्ली में ही रहना है। पोटका के बारे में बस इतना कहा कि कौन लड़ेगा यह पार्टी को तय करना है। इधर, भूमिज समाज के प्रतिनिधि संतोष सरदार ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पोटका विधान सभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में स्थानीय के साथ साथ भूमिज समाज से जुड़ा व्यक्ति हो। पोटका में बाहरी उम्मीदवार नहीं चलेगा। यदि पोटका विस क्षेत्र से बाहरी उम्मीदवार दिया गया तो भूमिज समाज के लोग जमकर विरोध करेंगे।

**कार्यक्रम की खास बातें :** संतोष सरदार ने पोटका के सचिन होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि एक दो विधायक को छोड़कर 1950 से स्व हरिपद सिंह, सनातन सरदार, हाड़ी राम सरदार, मेनका सरदार, अमूल्य सरदार तक भूमिज समुदाय के ही विधायक रहे हैं। वर्तमान में संजीव सरदार भी पोटका विधान सभा क्षेत्र से विधायक है जो इसी समुदाय से है। झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र में पोटका ही ऐसा क्षेत्र है जहां भूमिज समाज के लोग सर्वाधिक है। तथा प्रतिनिधित्व भी चाहे किसी भी पार्टी से हो भूमिक समाज के लोग ही करते आए है। ऐसी परिस्थिति में यदि भाजपा से पोटका में बाहरी तथा अन्य समुदाय के उम्मीदवार थोपा गया तो समाज के लोग जमकर विरोध करेंगे। जो भाजपा के लिए आत्मघाती कदम होगा। प्रेस कांफ्रेंस में संतोष सरदार, पूर्व मुखिया सुसेन सरदार, ग्राम प्रधान लंबोदर सरदार, जनता सरदार, भानु भूमिज, शिवा सरदार, प्रसन्न सरदार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### याद किये गये टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन, जमशेदपुर ने यूनियन के पूर्व अध्यक्ष स्व वीजी गोपाल की 31वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को संध्या 5 बजे यूनियन परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा के पास एक शोक सभा की एवं माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी, महासचिव सतीष सिंह, सह अध्यक्ष शैलेष सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही अध्यक्ष ने सभी से उनकी ओजस्वी एवं दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता का अनुसरण अपने जीवन एवं यूनियन में करने की सलाह दी। शोकसभा में यूनियन के अध्यक्ष, महासचिव, सह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष शहनवाज आलम, संजीव तिवारी, राजीव चौधरी, सहायक सचिव नितेश राज, श्याम बाबू, कोषाध्यक्ष अमोद दुबे, ऑफिस इंचार्ज– धर्मबीर सिंह व टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यकारिणी समिति के कई सदस्यगण के अलावा टाटा वर्कर्स यूनियन के कर्मचारिगण आदि उपस्थित थे। अंत में यूनियन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय वी जी गोपाल की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख सभा की समाप्ति की गयी।

### टीजीएस में याद किये गये वीजी गोपाल



**गम्हरिया।** टिस्को मजदूर यूनियन ने टीजीएस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रसिद्ध मजदूर नेता वीजी गोपाल की 31वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी। मौके पर वीजी गोपाल स्टडी सेंटर, टिस्को ग्रोथ शॉप परिसर गम्हरिया में एक कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर यूनियन के सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए यूनियन के महासचिव शिवलखन सिंह ने कहा कि श्री गोपाल मजदूरों के प्रखर नेता थे। मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर यूनियन के संयुक्त सचिव नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष दिलीप महतो, कौशल कुमार, प्रभुनाथ कर्ण समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## बागबेड़ा : खटाल में सोये टेंपो ड्राइवर की गोली मार कर हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मृतक की फाइल फोटो।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत कीताडीह ग्वाला बस्ती में सोए अवस्था में 27 वर्षीय युवक रोहित सिंह की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक स्कूल वैन चालक था। रोहित रात को अपने घर के बाहर खटाल में सोया था। सुबह परिजन जब जगाने गए तो उसके सर से खून निकल रहा था। आनन- फानन में परिजन उसे टीएमएच लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बागबेड़ा पुलिस ने घटना स्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। वहीं पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है जिससे पूछताछ चल रही है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व ही मृतक को बस्ती के ही कुछ युवकों ने जान से मारने की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## गम्हरिया : जेवियर स्कूल के समीप जंगल से जीतू का अधजला शव बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस टीम और मृतक जीतू की फाइल फोटो।

**गम्हरिया।** जेवियर स्कूल के पास जंगल से पुलिस ने एक अधजला शव बरामद किया है। जिसकी पहचान आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया स्थित शिवपुरी कॉलोनी के विभांशु शशांक उर्फ जीतू के रूप में की गयी है। वह गम्हरिया स्थित इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के बॉटलिंग प्लांट में ठेकेदारी करता था। वह 12 अक्टूबर से लापता था। परिजनों ने आदित्यपुर थाना में उसकी गुमशुदगी को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी। इसी बीच सोमवार को दोपहर करीब दो बजे पुलिस ने गुमशुदा विभांशु का जला हुआ शव जेवियर स्कूल के पीछे जंगल से बरामद किया है। मामले की जानकारी होने पर आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार के साथ गम्हरिया थाने की पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची एवं शव को कब्जे में ले लिया है। शव के पास ही उसका मोबाइल, पर्स एक बाइक (जेएच 05 सीजी 1065) के अलावा एक थैला गिरा मिला है जिस पर बिहार, गया टिकारी का पता लिखा है। बताया जाता है कि मृतक का ससुराल गया के टिकारी है। कुछ दिन पूर्व ही वह ससुराल से लौटा था। बताया जाता है कि चार माह पूर्व ही मृतक की शादी हुई थी और उसकी पत्नी भी चार माह की गर्भवती है।

## भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ ने पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर।** भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ ने सोमवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। डॉ अजय ने संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिख आपकी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आग्रह करेंगे। डॉ अजय ने कहा कि राज्य में गैर सरकारी शिक्षकों की अच्छी खासी तादाद है। समाज के सम्रग विकास में उनके योगदान को हम नजरंदाज नहीं कर सकते। मैं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे आग्रह करुंगा कि सरकार गैर सरकारी शिक्षकों के पेंशन, स्वास्थ्य, सरकारी शिक्षकों के समतुल्य मानदेय एवं सामाजिक उत्थान के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करे। मौके पर परमानंद मोदी, एसडी प्रसाद, नथुनी सिंह, प्रेम दयाल सिंह, देव झा, एसके सिंह, राजेश कुमार, पंकज गुप्ता, रंजीत श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार में जुगसलाई विस का हुआ तेजी से विकास : मंगल कालिंदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सड़क निर्माण का शिलान्यास करते विधायक।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के सरजमदा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से 3 करोड़ 15 लाख रुपये से स्वीकृत सरजमदा पुलिया से नाला किनारे होते हुए राहरगोड़ा जयश्री इंटरप्राइजेज के आगे मोड़ तक, लाल किस्कु के घर ट्रांसफॉर्मर के पास डीवीसी चारदीवारी होते हुए डीवीसी मेन गेट तक लक्खा सिंह के घर से राहरगोड़ा नाला तक 2.6 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास किया। शिलान्यास करने पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत किया गाया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि हेमंत सरकार में जुगसलाई विधानसभा का हुआ तेजी से विकास, सड़कों का बिछा जाल। मौके पर संजय पल्सनिया, रणविजय सिंह, मिथुन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह, नागि मुर्मू, पहाड़ सिंह, राकेश सिंह, राकेश चक्रवर्ती, जय किशन आदि झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## कक्षा 8-10 के छात्रों को फ्री कोचिंग देगा सामाजिक संस्था हेल्प एजुकेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** एम ओ एकेडमी स्कूल में 15 अक्टूबर से सामाजिक संस्था हेल्प। एजुकेशन के द्वारा कक्षा 8, 9, 10 के छात्रों को मैट्रिक परीक्षा के लिए मुफ्त में कोचिंग एम ओ एकेडमी स्कूल में दिया जायेगा, जिसमें छात्रा को मंगलवार, गुरुवार और रविवार 3:30 से 5 बजे शाम तक कोचिंग दी जायेगी। वहीं छात्र को सोमवार बुधवार और शनिवार को 3:30 से 5 बजे तक। इन छात्रों को अनुभवी शिक्षक हेडमास्टर शमी अहमद खान, प्रो साजिद इकबाल, फुजैल अहमद, मिन्हाज फरहा, जहीरूद्दीन, तमन्ना मालिक, प्रो अब्दुल रहमान, तौसीफ अहमद कोचिंग में पढ़ायेंगे।

## जिला उद्योग केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला उद्योग केंद्र स्थित हस्तशिल्प संसाधन सह विकास केंद्र, पुराना कोर्ट परिसर, जमशेदपुर में पैटकर चित्रकारी के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रवि शंकर प्रसाद ने उद्घाटन के अवसर पर प्रशिणार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा रोजगार के सम्भावनाओं पर जानकारी दी। प्रबंधक सैयद मुदस्सर अनवर, जिला उद्यमी समन्वयक मंजू मिंज, पैटकर चित्रकारी के प्रशिक्षक किशोर गायन एवं को–ऑर्डिनेटर रैमत मार्डी, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने बतायाकि प्रशिक्षण शिविर में कुल 30 महिला प्रशिक्षणार्थियों को पैटकर चित्रकारी का प्रशिक्षण देंगे, जिनमें से 15 प्रशिक्षणार्थी आमाडुबी एवं इसके आसपास के क्षेत्र से चयनित किये गये हैं, जबकि शेष 15 प्रशिक्षणार्थी जमशेदपुर से चयनित हुए हैं। प्रशिक्षण की अवधि 2 माह (50 कार्य दिवस) है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री के साथ साथ ₹150/– प्रतिदिन के दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। महाप्रबंधक ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात कुछ कुशल चित्रकारों को झारखंड के हुनर पोर्टल से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा, ताकि उनको एक विशिष्ट पहचान प्राप्त हो सके एवं प्रेरणा लेकर और भी महिलायें/युवतियां इस सीमित कला को सीखने के लिए आगे आयेंगी।

## टिनप्लेट आंध्रा मवि के नये हॉल निर्माण कार्य का सरयू राय ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने सोमवार को टिनप्लेट आंध्रा मध्य विद्यालय में हॉल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। हॉल का निर्माण विधायक निधि के लगभग 15 लाख रुपये की लागत से पूरी होगी। श्री राय ने उम्मीद जतायी कि इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ हो जायेगा और स्कूल को उसका हॉल मिल जायेगा। टिनप्लेट आंध्रा क्लब के सचिव शिवा राजू ने बताया कि यह स्कूल 12 अक्टूबर 1965 से चल रहा है। आज से 32 साल पहले हॉल निर्माण हेतु दीवार खड़ी करने का काम शुरू किया गया था। बाद में निर्माण कार्य रुक गया क्योंकि बजट खत्म हो गया था। उन्होंने इस बात पर प्रशंसा व्यक्त की कि जमशेदपुर पूर्वी के यशस्वी विधायक श्री सरयू राय जी ने 14 अक्टूबर 2024 को हॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। श्री राजू ने बताया कि यहां 200 से ज्यादा बच्चे हैं। स्कूल अर्द्ध सरकारी है। उम्मीद है कि जल्द भी भवन बन कर तैयार हो जायेगा। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में कक्षा 7 तक के बच्चे पढ़ते हैं। बच्चों को ड्रेस और दोपहर का भोजन सरकारी खर्चे पर मिलता है। शिलान्यास के अवसर पर भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि हरेराम सिंह, आंध्रा क्लब के अध्यक्ष वी नाग राजू , सचिव शिवा राजू जी, आंध्रा क्लब के सदस्य श्री रमेश राव, बाबू राव, अप्पा राव, गोपी जी, शंकर राजू, गोपाल जी, बाबू राव, विजय कुमार, भाजमो के गोलमुरी मंडल अध्यक्ष कैलाश झा, चंद्र शेखर राव, अमित शर्मा, शमशाद खान, अनिकेत, सुशील, के विनीत, यासिर, फरहान, सोहैब उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार के युवाओं ने सेवा शिविर लगाया



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुगदल एवं प्रज्ञा महिला मंडल के युवाओं ने दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस पर प्याऊ सेवा शिविर सह नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी देवदूत होटेल कासीडीह मोड़ पर लगाया। दोपहर 12 बजे शिविर का शुभारंभ गायत्री परिवार सोनारी के वरिष्ठ प्रतिनिधि परशुराम मिश्रा और नवयुगदल के वरिष्ठ युवा साथी आर पी शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ गुरु आवाहन कर किया। मौके पर चना, बताशा, सरबत वितरण के साथ नशा मुक्ति प्रदर्शनी लगायी गयी। साथ ही साथ गुरुदेव द्वारा लिखित साहित्य बिक्री के स्टाल भी लगे थे। मौके पर गायत्री परिवार टाटानगर के भाई–बहनों ने बढ़ चढ़ कर अपना सेवा और सहयोग दिया।

## अन्नराज डैम पर सैलानियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# नैतिक मतदान मजबूत लोकतंत्र की धुरी : सिया जानकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मतदाताओं को समझाती सिया सिंह।

**गढ़वा।** आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सोमवार को निर्वाचन के स्वीप कोषांग की टीम ने गढ़वा जिले के पर्यटन केंद्र अन्नराज डैम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह ने सैलानियों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद किया तथा मतदान क्यों जरूरी है, विषय पर परिचर्चा की। मौके पर उपस्थित सभी पर्यटकों ने बढ़ चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं अपने-अपने विचार रखें।

मौके पर सिया जानकी सिंह ने जागरूक करते हुए कहा कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में सिया जानकी सिंह द्वारा ईवीएम एवं वीवी पैट के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवी पैट के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है। नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप्प्स जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं, के बारे में जानकारी विस्तार से दी गई। विशेष कर सी-विजिल एप्प, जो निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किया गया है, के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि यह एप्प किसी भी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने में काफी सहायक है। अगर आपके क्षेत्र में कोई भी राजनैतिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का भय किसी मतदाता को दिखाता है या किसी भी प्रकार का प्रलोभन देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सी-विजिल एप्प के माध्यम से उक्त व्यक्ति का वीडियो बनाकर तुरंत अपलोड करना है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाता है। साथ ही सक्षम एप्प के बारे में भी बताया गया। यह एक ऐसा एप्प है कि अगर कोई पूर्णतः दिव्यांग/बुजुर्ग व्यक्ति है एवं वह मतदान केंद्र पर आकर मतदान करने की स्थिति में नहीं है, तो ऐसी परिस्थिति में सक्षम एप्प के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी अपलोड कर देने से उनके मतदान की व्यवस्था बूथ लेवल कर्मचारियों के द्वारा उनके निवास स्थल पर ही कर दी जाती है। एक और एप्प वोटर हेल्पलाइन एप्प है, जो मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है, जिससे मतदाता लम्बी लाइन लगाकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं क्रम खोजने के परेशानी से निजात पा सकते हैं। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वीप कोषांग के सहायक परियोजना पदाधिकारी विकास कुमार वर्मा, पंचायती राज के जिला परियोजना प्रबंधक शाहनवाज अख्तर, यूडीसी नेहा नूतन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

**खबर एक नजर में**

### एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला) गौरव यात्रा को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज एक अणे मार्ग में आयोजित समारोह में हरी झंडी दिखाकर एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला) गौरव यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले ट्रॉफी का अनावरण किया। इसके पश्चात गौरव यात्रा के बस में साथ जाने वाली एकलव्य स्पोर्ट्स स्कूल की बच्चियों को मुख्यमंत्री ने ट्रॉफी सौंपा। मुख्यमंत्री ने हॉकी गौरव यात्रा के लिये तैयार की गयी बस का मुआयना किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर बस को विदा कर यात्रा का शुभारंभ किया। बिहार में पहली बार 11 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित होनेवाली अंतरराष्ट्रीय 'विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024' के संदर्भ में ट्रॉफी गौरव यात्रा 14 अक्टूबर से 10 नवंबर तक निकाली जा रही है, जो हरियाणा, पंजाब, ओडिशा और झारखंड राज्यों के अलावा बिहार के सभी 38 जिलों से होकर गुजरेगी। विमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी टीम हिस्सा ले रही हैं। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय राजगीर खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में प्रतियोगिता के सभी मैच खेले जाएंगे। भारत 2023 का विजेता है। इसलिए ट्रॉफी भारत के पास ही है, जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। ट्रॉफी गौरव यात्रा का उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति का विकास और खेल के क्षेत्र में राज्य की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी के गौरव के प्रति लोगों को जागरूक कर पहली बार बिहार में होनेवाली इस प्रतियोगिता को सफल बनाना है। जहां-जहां ट्रॉफी गौरव यात्रा पहुंचेगी वहां स्थानीय प्रशासन के सहयोग से वहां ट्रॉफी के स्वागत और सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे ताकि बिहार में पहली बार होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। गौरतलब है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 29 अगस्त को राजगीर खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी और एस्ट्रो टर्फ हॉकी ग्राउंड का उद्घाटन किया था और 5 अक्टूबर को विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के शुभंकर और लोगो का अनावरण भी किया था।

### शिक्षकों की स्थानांतरण नीति लाखों शिक्षकों एवं छात्रों के साथ एक धोखा : डॉ नितेश



**भागलपुर।** कोसी स्नातक विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर नितेश यादव ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एन. डी. ए. सरकार द्वारा शिक्षकों की स्थानांतरण नीति की घोषणा लाखों शिक्षकों एवं छात्रों के साथ एक धोखा है। यह स्थानांतरण नीति शिक्षकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए लाया गया है। वर्षों से शिक्षकों का स्थानांतरण उनके द्वारा किए गये आग्रह पर किया जाता था। अर्थात शिक्षकों का स्थानांतरण पूर्णरूपेण ऐच्छिक था। शिक्षकों का कार्य अन्य कर्मचारियों से भिन्न है। शिक्षक रचनात्मक कार्य करने में लगे रहते हैं। छात्रों के भविष्य निर्माण का कार्य शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। इसलिए उन्हें मानसिक रूप से शांति की नितांत आवश्यकता होती है। यदि शिक्षक मानसिक रूप से परेशान रहेंगे तो वे छात्रों को सही तरीके से शिक्षा नहीं दे पाएंगे। पहले सरकारी स्कूल में पढ़कर ही जिलाधिकारी, डाक्टर, इंनजिनियर जैसे शीर्षस्थ पद पर अपनी सेवा देते थे। बिहार की वर्तमान सरकार सरकारी विद्यालय को बर्बाद कर रहे हैं। हर पांच वर्ष पर स्थानांतरण करने से शिक्षा की गुणवत्ता में ह्रास होगा। जबतक शिक्षक समाज के स्थानीय माहौल के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे तबतक फिर उसे दूसरे जगह भेज दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारी माला माल होता रहेगा। इस प्रकार शिक्षकों के इस स्थानांतरण नीति से शिक्षा में गिरावट आएगी और सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाएगा। वर्तमान सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोची समझी नीति के तहत काम कर रही है। ताकि बच्चे अशिक्षित रहे। शिक्षा को महंगा किया जा रहा है ताकि अक्ल के बैलों को अंधविश्वास के हल से जोता जा सके।

### जमुई में नागी डैम में मिले युवती और मासूम का शव

**पटना।** बिहार में जमुई जिले के झाझा स्थित नागी डैम में संदिग्ध हालात में एक युवती और मासूम के शव मिले। भनक लगते ही लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान कर्मा निवासी पप्पू यादव की पत्नी रिंकू देवी व उसके बेटे प्रियांश कुमार (करीब 1.5 वर्ष) के रूप में की गयी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पारिवारिक विवाद से जुड़ा मामला दिख रहा है। पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लिया है। युवती के मायके वालों ने अपनी बेटी के ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी के अनुसार, प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है लेकिन पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच करेगी। पारिवारिक विवाद के कारण ही मौत का मामला लग रहा है। पुलिस के अनुसार, लोगों ने एक मासूम के शव की जानकारी पुलिस को दी लेकिन मौके पर पहुंचने पर युवती का भी शव पाया गया। मृतका के पति पप्पू यादव ने कहा कि उसकी पत्नी और बच्चा रविवार दिन में एक बजे के बाद से ही लापता थे। उसकी तलाश में वो लगे थे। अपने साला के साथ मिलकर वो पत्नी और बच्चे को खोज रहे थे लेकिन दोनों का कहीं अता-पता नहीं चला। अचानक रिश्तेदार से पता चला कि दोनों का शव मिला है। मृतका के पति का दावा है कि उसका अपनी पत्नी से कोई विवाद नहीं था। घटना को लेकर वो कुछ नहीं बता सकते। दूसरी ओर, मृतका के पिता ने अपने दामाद पप्पू यादव पर गंभीर आरोप लगाए। बताया कि उनकी बेटी बीड़ी बनाती थी। शनिवार को उसके दामाद ने बेटी के साथ मारपीट की। बीड़ी के पैसे की मांग को बेटी से करता था और 2200 रुपये को लेकर मारपीट किया। दहेज की मांग को लेकर भी काफी समय से दबाव डालता था और मारपीट करता था। मृतका की सास पर भी प्रताड़ना का आरोप लगाया। मृतका के पिता ने ससुराल वालों के द्वारा अपनी बेटी और नाती के हत्या का आरोप लगाया है।

### प्रतिमा विसर्जन में हथियार लहराने वाला गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के अहिरौलिया में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस ने एक युवक को लोडेड देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कोटवा थाना क्षेत्र के टलवा गांव का विकास कुमार बताया गया है। जिसके पास से आर्म्स व जिंदा कारतूस के अलावे बाइक जब्त की गई है। इस सम्बन्ध में बताया गया है कि एक बाइक पर सवार तीन युवक प्रतिमा विसर्जन में चल रहे थे। जिसमें बाइक पर बैठा एक युवक अपने कमर से बार बार आर्म्स निकाल कर हवा में लहरा रहा था, जिससे लोगो के बीच भय का माहौल बन रहा था। इस दौरान एएसआई हरेंद्र कुमार व पुलिस बल की नजर उसपर पड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका दो सहयोगी भीड़ का लाभ लेकर भाग गया। वही आर्म्स, दो जिंदा कारतूस व बाइक जब्त कर लिया गया है। मामले में थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया है कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है और एफआईआर दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

**स्पीड न्यूज**

### मोतिहारी में सीए की छात्रा का अपहरण

**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से सीए की छात्रा का अपहरण कर लिया गया। वह पूजा करने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान उसे अगवा कर लिया गया। अपहृत छात्रा के पिता ने छतौनी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को बताया कि छात्रा की सकुशल बरामदगी को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। टीम अपहरणकर्ताओ के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने यहां बताया कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी मनोज राम को पुलिस ने शिकायत मिलने के पांच घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि लोदीपुर चिरांद गांव निवासी रवीन्द्र राय (45) प्रतिदिन की तरह आज सुबह में साइकिल से सुबह की सैर करने जा रहा था।इस दौरान झंगा चौक पर ट्रक की चपेट में आने से रवीन्द्र राय घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना भेज दिया। पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# बच्ची को न्याय दिलाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**मझिआंव।** जिला किसान मोर्चा के नेता सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी पुष्प रंजन मेहता एवं गुप्तेश्वर मेहता के नेतृत्व में नाबालिग के दुष्कर्मी संतोष राम को फांसी की सजा दिलाए जाने को लेकर आक्रोश रैली और प्रखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला एवं पुरुष हाथों में तख्ती लिए हुए थे और उस पर लिखा हुआ था कि आरोपी को फांसी दो, बहन हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारा दुष्कर्मी जिंदा है, बच्ची को न्याय दो, न्याय दो लिखा हुआ था। इस दौरान मझिआंव प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला उपायुक्त के नाम से दो दर्जनों से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र सौंपा गया। जिसका प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा का भी नाम शामिल है। इस दौरान आक्रोश जाहिर करते हुए महिलाओं ने कांडी थाना कांड संख्या 93/2024 के तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से पीड़ित मासूम बच्ची को न्याय दिलाते हुए दुष्कर्मी को फांसी की सजा दिलवाने की मांग न्यायपालिका एवं सरकार से कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि पीड़ित मासूम बच्ची अभी मौत और जीवन से जूझ रही है। जो अस्पताल में इलाजरत है। इधर नेतृत्व कर रहे पुष्प रंजन मेहता ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ बर्बरता पूर्वक जबरन संतोष राम के द्वारा दुष्कर्म किया गया। जो समाज के लिए निंदनीय और घोर अपराध है। ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मी संतोष के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान मासूम बच्ची के साथ खेत में दुष्कर्म कांड का अंजाम दिये जाने की बात कही जा रही है। जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा। कहा कि जब तक पीड़ित मासूम बच्ची को न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मी संतोष अपने कांडी क्षेत्र से भाग कर मझिआंव पुलिस इंस्पेक्टर के पास आकर अपना गुनाह स्वयं कबूल करते हुए सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। साथ ही और पुख्ता साक्षय इकट्ठा किया जा रहा है। ताकि दुष्कर्मी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। मौके पर रामप्यारी देवी, रामकली देवी, संजू देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, संजय पासवान, रामकुमार मेहता, चिंता देवी, ललिता देवी, लीलावती देवी, कैलाश मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## दुर्गा मां के विसर्जन के लिए निकाला गया भव्य जुलूस


उपस्थित लोग।

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को दुर्गा पूजा के विसर्जन करने के लिए भव्य जुलूस निकाला गया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम का जुलूस निकाल कर डीजे पर भक्तिमय गीतों के साथ लोगों ने खूब ठुमके लगाए। मां दुर्गा के जुलूस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय मो भवानी क्लब के अध्यक्ष गुड्डू यादव, सचिव अजित कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार, सुरेश राउत, अनिल राउत, अंकित रावत, त्रिपुरारी रावत, विवेक रावत, दीपक यादव, रवि कुमार, गोलू कुमार, पंकज यादव, गोलू यादव, अमरेश रावत सहित मां दुर्गा पूजा समिति के सभी कार्यकारिणी समिति के सदस्य मौजूद रहे। अंत में पंडित हेमंत चैबे द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को बुका छलका नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान शान्ति व्यवस्था कायम रखने की द्दष्टि से थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश सिंह अपने पुलिस जवान के साथ जुलूस में पैदल चलकर प्रतिमाओं का विसर्जन करवाया।

## आउटसोर्सिंग एएनएम डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर करती हैं इलाज


इलाज करती एएनएम।

**रमना।** रमना प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य बने 13 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीण करोड़ो की लागत से बने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ नहीं ले पा रहे। एएनएम के सहारे ग्रामीणों का स्वास्थ्य समस्या का निदान हो रहा हैं। वर्ष 2008 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही ने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया था। वर्ष 2011 में तत्कालीन विधायक अनंत प्रताप देव की उपस्थिति में इसका उद्घाटन हुआ था। तब से लेकर आज तक यह केंद्र चिकित्सक के लिए तरस रहा है। कुछ वर्षो तक इस केंद्र में चिकित्सक रहे और इस क्षेत्र के गरीब-मजदूर, लाचार को अच्छी चिकित्सिय सुविधा भी प्राप्त हुआ। इन 13 वर्षो में इस सामुदायिक केंद्र में सूचना पट के अनुसार केवल चार ही चिकित्सक, 11 से डॉ नजीर अहमद, 2015 से अरुण कुमार, 2019 से रमेश कुमार और 2020 एसे रवि करीब दो वर्षो तक रहे। इसके बाद कोई एमबीबीएस चिकित्सक नहीं आये। इस प्रखंड के गरीब-मजदूर लोगो को इलाज के लिए सीएचओ सहारे प्रतिनियुक्त कर दिया गया जो आज करीब दो सप्ताह से हड़ताल पर हैं। यह समुदायिक केंद्र आउटसोर्सिंग और एचआरएम एनएम के सहारे चल रहा हैं। इस सम्बन्ध में एएनएम बबिता कुमारी ने बतायी कि इस सेंटर में चिकित्सक को नहीं रहने से अकस्मात गंभीर रूप से पीड़ित मरीज का प्राथमिक उपचार और फिर गंभीर रूप से पीड़ित को रेफर करना दोनों ही काम हमें ही करना पड़ता हैं। जिसमें बहुत कठिनाई होती हैं। सुरक्षा प्रहरी को भी हटा दिया गया है, जिससे डर के साये में रहना पड़ता है।

एएनएम इंदु कुमारी बोली कि आप लोग खाली फोटो ही खींचीयेगा की डॉक्टर भी इस सेंटर में लाइएगा। इंदु देवी ने डॉ के कुर्सी पर बैठे हुई थी उनसे बात करने पर बोली कि हम ही अभी डॉक्टर है। इस संबंध में सीएस अशोक कुमार ने बताया कि डॉक्टर की कुर्सी पर बैठना सारासर गलत है।

# मूर्ति विसर्जन के दिन भी खुला रहा अंग्रेजी शराब दुकान, प्रिंट रेट से अधिक दाम लेने पर हुआ हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शराब खरीदते लोग।

**मझिआंव।** प्रखंड में मूर्ति विसर्जन के दिन यानि रविवार को सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान खुली रही और निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक लेने पर मोरबे शराब दुकान पर हंगामा भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शराब के हर ब्रांड पर लिखी गयी कीमत में से 12 प्रतिशत शराब दुकान के मालिकों के लिए राशि बतौर मुनाफा निर्धारित है। इसके बावजूद भी शराब के हर बोतल, अद्धा और पौव्वा पर शराब दुकान पर बैठे सेल्स मैन ग्राहकों से लिखी गयी कीमत से करीब 8 से 10 हजार रुपए प्रति दुकान हर रोज वसूल रहे हैं। इस तरह ग्राहकों से हर माह लगभग 30 हजार रूपयों तक की अवैध वसूली हो रही है।

**एक बोतल शराब पर होती है 10 रुपए से 60 रुपए की अवैध वसूली :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक लाईसेंस धारी अंग्रेजी शराब दुकान वाले बोतल (750 एमएल) पर 40 से 60 रुपए की, अद्धा (375 एमएल) पर 20 से 35 रुपए की और पौव्वा (180 एमएल) पर 10 से 20 रुपए और बियर बोतल पर 30 रुपए और केन पर 20 रुपए की अवैध वसूली करते हैं। यही स्थिति देशी शराब के ब्रांड में भी है। हांलाकि यह अलग और कम है।

**अवैध वसूली में होती है रंगदारी से लेकर मारपीट तक :** शराब के बोतल पर लिखी हुई कीमत से अधिक वसूल करने में हर दिन किसी न किसी दुकान पर ग्राहक हंगामा करते हैं। गाली गलौज से लेकर मारपीट तक हो जाती है। शराब का ठेकेदार, सेल्समैन वगैरह अगर मजबूत पड़ा तो ठीक, वरना ग्राहकों से समझौता हो जाता है। हर दुकान के लोग आसपास के बड़े और रसूख वाले लोगों को चिन्हित कर लेते हैं जिन्हें अंकित मूल्य पर ही शराब दी जाती है और ये लोग खुद को धन्य भी समझते हैं। हांलाकि, इस स्थिति को लेकर मझिआंव से लेकर कांडी , बरडीहा तक में हर दिन हंगामा हो रहा है।

**अवैध वसूली गयी राशि होती है सेटिंग में खर्च:** शराब के कारोबार से जुड़े सूत्रों ने ही बताया कि ग्राहकों से वसूल की गयी अतिरिक्त राशि संबद्ध विभाग और संबंध के अधिकारियों से लेकर अन्य पदाधिकारीयों को सेट करने के लिए खर्च की जाती है इसके बदले वे दुकानदार को हर संभव-असंभव छूट देते हैं।

**जो पीता है, भुगतता भी है, बोलता कोई नहीं:** यह गजब का मसला है। हर दिन अपनी जेब कटवाने वाले उपभोक्ता भी इस मसले पर चुप रहते हैं और अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक भी। इसी स्थिति का जमकर फायदा शराब दुकान वाले उठा रहे हैं। नियम यह है कि हर शराब दुकान के बाहर शराब के ब्रांड के साथ मूल्य प्रदर्शित करना आवश्यक है। लेकिन ऐसा कहीं नहीं है। लेकिन एक्साइज विभाग भी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। अधिक रेट लेने के बाद ऐसी स्थिति में ग्राहक जाएं तो कहां जाएं। इधर मोरबे शराब दुकान पर गांव में मूर्ति विसर्जन से पहले काफी भिड़ लगा हुआ था और हंगामा हो रहा था। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को भी मिलता है और विसर्जन में लगे डंडाधिकारी सीआई प्रभारी धनलाल उरांव, थाना एएसआई संजय कुमार दल बल के साथ शराब दुकान पर पहुंचे और लगे भिड़ को भगाया। वहीं अधिक दाम लेने पर कुछ लोगों ने नाम उजागर नहीं करते हुए नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि इस दुकान पर बराबर रेट से अधिक 10 रुपए से 30 रुपए लिया जाता है और लोगों ने कहा कि अगर बढ़े रेट में से 10 रुपए नहीं देने पर शराब या बियर नहीं दिया जाता है। इस पर पूछे जाने पर मौजूद सेल्समैन के द्वारा कहा जाता है कि हम लोगों को ऊपर से ही अधिक दाम लेने का आदेश प्राप्त है।

# स्पीड न्यूज

### चीनी सैन्याभ्यास से ताइवान ने एनएससी पर बैठक बुलाई

**ताइप।** ताइवान के अधिकारियों ने द्वीप के आसपास चीन के बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) के महासचिव जोसेफ वू ने सोमवार को बताया कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने घोषणा की कि उसने ताइवान के आसपास संयुक्त स्वॉर्ड-2024बी सैन्य अभ्यास शुरू किया है, ताकि द्वीप के प्रमुख बंदरगाहों और क्षेत्रों को अवरुद्ध करने तथा उन पर नियंत्रण करने के लिए संयुक्त हमले का अभ्यास किया जा सके।

नाटो ने उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास शुरू किया

### नाटो ने उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास शुरू किया

**ब्रुसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास ह्यस्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा, अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे। उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है।

### खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में उच्चतम स्तर 5.49 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर (वार्ता) विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5 .49 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

### अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, तपेदिक की दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, तपेदिक तथा मानसिक स्वास्थ्य विकारों आदि के उपचार की आठ आवश्यक दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि प्राधिकरण की बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद आठ दवाओं के ग्यारह अनुसूचित योगों की अधिकतम कीमतों में उनकी वर्तमान अधिकतम कीमतों के 50 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इनमें से अधिकांश दवाएँ कम लागत वाली हैं और आम तौर पर देश के जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण प्रथम उपचार के रूप में उपयोग की जाती हैं। इन दवाओं का उपयोग अस्थमा, ग्लूकोमा, थैलेसीमिया, तपेदिक, मानसिक स्वास्थ्य विकारों आदि के उपचार के लिए किया जाता है।

# गुमला से भाजपा के टिकट के प्रबल दावेदार हैं पूर्व सांसद सुदर्शन भगत

## महागठबंधन में कांग्रेस को विशुनपुर विधान सभा सीट में मिल सकती है दावेदारी

**विधान सभा चुनाव 2024**

**दीपक राम काजू**

### अन्य जो हैं रेस में

गुमला विधान सभा से मिशिर कुजूर, कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव व दिलीप बड़ाईक है रेस में

**गुमला।** झारखंड में कभी भी विधान सभा चुनाव की अधिसूचना चुनाव आयोग के द्वारा जारी की जा सकती है। विधान सभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी दलों में प्रत्याशियों के चयन के लिए रायशुमारी का दौर समाप्त हो चुका है। कई पार्टियों से चुनाव लड़ने हेतु प्रत्याशियों की सूची प्रदेश कार्यालय व पार्टियों के चुनाव प्रबंधन समिति के पास पहुंच चुकी है। चुनाव प्रबंधन समिति के द्वारा प्रत्याशियों का चयन कर मुहर भी लगा दिया गया है लेकिन अभी नामों का खुलासा नहीं हो पाया है। भाजपा की बात करें तो पार्टी मध्य प्रदेश के तर्ज पर 2024 के विधान सभा चुनाव में प्रत्याशियों को उतारने का मन बना चुकी है। क्योंकि मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव में भाजपा की बल्ले-बल्ले रही थी। जिसको लेकर उसी आधार यानि की पूर्व सांसद या बेहतर प्रत्याशियों को ही पार्टी मैदान में उतारेगी। गुमला जिला में तीन विधान सभा क्षेत्र है। जिसमें गुमला विधान सभा सीट से भाजपा में निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का टिकट फाइनल माना जा रहा है। क्योंकि वे इस क्षेत्र से तीन बार लगातार सांसद के रूप में अपना प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और पार्टी को हर विकट संकट से चुनाव में जीत दिलाया है। यही वजह है कि वे पार्टी टिकट के सबसे बड़े दावेदार हैं। वहीं पूर्व प्रत्याशी मिसिर कुजूर भी टिकट के दौड़ में आगे चल रहे हैं। मिसिर कुजूर पिछले विधान सभा चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे थे। चुनाव में उनका प्रदर्शन अच्छा था। वहीं गुमला विधान सभा सीट से टिकट की दौड़ में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव व जारी के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक का नाम भी चर्चा में हैं। लेकिन वर्तमान परिस्थिति में इन सभी उम्मीदवारों में निर्वतमान सांसद सुदर्शन भगत का पलड़ा सबसे भारी है। कई समाज के लोगों ने प्रदेश नेतृत्व के समक्ष सुदर्शन भगत के नाम पर अपना मुहर भी लगाया है। हालांकि उम्मीदवार की अंतिम सूची पार्टी हाईकमान के






द्वारा ही घोषित किया जाना है। वहीं सिसई विधान सभा सीट से भी भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार सामने आये हैं। जिनमें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व आईजी डॉ अरूण उरांव का नाम सुर्खियों में है। हाल के दिनों के राजनीति घटनाक्रम को देखें तो भाजपा के प्रदेश उप प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा शरमा कई बार डॉ. अरूण उरांव से मिल चुके हैं। जिसे कयास लगाया जा रहा है कि वे डॉ. अरूण उरांव सिसई विधान सभा से भाजपा पार्टी के उम्मीदवार होंगे। हालांकि कई बार भाजपा डॉ. अरूण उरांव को टिकट देने का हसीन ख्वाब भी दिखा चुकी है और अंत समय में उम्मीदवार दूसरे को चुना गया है। सिसई विधान सभा से भाजपा पार्टी के टिकट का दूसरा सबसे प्रबल दावेदार पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव हैं जो पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं। हालांकि पिछले विधान सभा चुनाव में वे अपनी हार नहीं बचा पाये थे और रिकार्ड मतों से चुनाव हार गये थे। एंटी कन्बेंसी के वे शिकार हो गये थे। अब माहौल बदला है तो पार्टी के टिकट की फिर से दावेदारी ठोंक रहे हैं। सिसई विधान सभा से टिकट के दावेदारों में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा का नाम भी सुर्खियों में है। वे लगातार दो बार से जिला परिषद की अध्यक्ष का बागडोर संभाल रही है। सिसई विधान सभा क्षेत्र में उनकी राजनीतिक पकड़ भी मजबूत होते जा रही है। वहीं विशुनपुर विधान सभा सीट से भाजपा पार्टी में टिकट की दौड़ में कई उम्मीदवारों के नाम छनकर साम्पने आया है। जिसमें पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव, अजजा आयोग के सदस्य आशा लकड़ा, पूर्व सांसद समीर उरांव सहित कई और प्रत्याशी हैं। जिनके नाम रायशुमारी के बाद प्रदेश में भेजा गया है। हालांकि टिकट की दौड़ में विशुनपुर विधान सभा से कोई छुपा रूस्तम सामने आ सकता है और पार्टी उसे ही उम्मदवार के रूप में मैदान में उतार सकती है। इधर कांग्रेस व झामुमो गठबंधन की तरफ से देखें तो गुमला विधान सभा सीट से विधायक भूषण तिर्की झामुमो से उम्मीदवार होंगे। इसी तरह सिसई विधान सभा से विधायक जिग्गा सुसारन उम्मीदवार होंगे। वहीं विशुनपुर विधान सभा सीट से जेएमएम के प्रत्याशी के रूप में विधायक चमरा लिंडा का नाम सबसे आगे है। वहीं हालिया राजनीतिक घटना क्रम को देखें तो लोकसभा चुनाव के बाद

### सिसई विधान सभा सीट से दावेदार

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरूण उरांव हो सकते हैं पार्टी उम्मीदवार, इनके अलावे पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा है रेस में

### विशुनपुर विधान सभा से दावेदार


विशुनपुर विधान सभा से भाजपा के उम्मदीवार के रूप में कोई छुपा रूस्मत होगा सामने, फिलहाल अशोक उरांव, पूर्व सांसद समीर उरांव, कई जिप सदस्य है रेस में

### महागठबंधन की ओर से उम्मीदवार

गुमला विधान सभा सीट से विधायक भूषण तिर्की, सिसई से जिग्गा सुसारन होरो व विशुनपुर से चमरा लिंडा होंगे उम्मीदवार

महागठबंधन में कांग्रेस पार्टी गुमला के तीनों विधान सभा सीटों से पार्टी हाई कमान से उम्मीदवार देने की मांग रख चुके हैं। अगर कांग्रेस व जेएमएम में गठबंधन हो या न हो तो भी इस बार कांग्रेस को एक सीट गुमला जिले के किसी विधान सभा में मिलने की उम्मीद है। जिसमें सबसे अधिक चांस विशुनपुर विधान सभा सीट से है। इस सीट से चमरा लिंडा महागठबंधन से पूर्व विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी थे। अगर आशंका सही साबित हुई तो कांग्रेस पार्टी विशुनपुर विधान सभा से अपना उम्मीदवार उतार सकती है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी से विशुनपुर विधान सभा सीट से उम्मीदवार के सबसे प्रबल दावेदार प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत होंगे। उनके अलावे पार्टी जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, पूर्व प्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, बॉबी भगत सहित कई अन्य पार्टी टिकट के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर चुके हैं। लेकिन हरियाणा राज्य का परिणाम देखने के बाद शायद ही लगता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस पार्टी से कोई समझौता गुमला विधान सभा के तीनों सीटों पर कर सकती है। क्योंकि पूर्व के गठबंधन के अनुसार कांग्रेस को सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा व मांडर विधान सभा की सीट मिली थी। अगर राज्य में महागठबंधन नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी की स्थिति बदत्तर होगी।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल के बिनयामिना बेस पर किया हमला



**एजेंसी**

**तेल अवीव।** हिजबुल्लाह आंदोलन ने ड्रोन के जरिये रविवार शाम को बिनयामीना-गिवात अदा के पास इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) बेस पर हमला किया, जिसमें चार सैनिक मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने सोमवार को कहा, हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन ने ड्रोन के जरिये बिनयामीना से सटे एक सेना के बेस पर हमला किया। सभी घायल व्यक्तियों को अस्पतालों में ले जाया गया है और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। घटना में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सेना ने कहा कि वह घटना की जांच कर रही है। इजराइली एम्बुलेंस सेवा (एमडीए) ने पहले बताया था कि ड्रोन हमले के कारण 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## विश्व की सभी संसदों के बीच संवाद मानव कल्याण के लिए आवश्यक: बिरला

**एजेंसी**

**जिनेवा/नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है और विश्व की सभी संसदों मिलकर इनके लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए।

जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वें सम्मेलन में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे श्री बिरला ने सोमवार को ह्यशांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोगह्व विषय पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान समय की कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक




चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस पर भारत का दृष्टिकोण रखा और कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से संसदें साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी। उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है और विश्व की सभी संसदों को मिलकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के लाभों का उचित और न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

श्री बिरला ने जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में विचार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई ह्यवन सन, वन वर्ल्ड , वन ग्रीडह्व की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों का भी उल्लेख किया, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में भारतीय संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक आर्यन

**एजेंसी**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन , तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों



फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

## पांचवें जल पुरस्कार घोषित, राज्यों में ओडिशा, सूरत शहर श्रेणी में प्रथम




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने आज यहां 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की जिसमें राज्यों की श्रेणी का पहला पुरस्कार ओडिशा तथा शहरों के वर्ग के प्रथम पुरस्कार के लिए सूरत शहर को चुना गया। श्री पाटिल ने सोमवार को यहां श्रम शक्ति भवन में पुरस्कारों की घोषणा करते हुए कहा कि पुरस्कार 2023 के लिए घोषित हुए हैं और पुरस्कार नौ श्रेणियों में समारोहपूर्वक दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 22 अक्टूबर को होगा जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अल्जीयर्स में मकाम इचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और अल्जीरियाई स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।**


## डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन व जेम्स ए. रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थिक क्षेत्र में योगदान के लिए 2024 के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया है। आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया है। विजेताओं को यह सम्मान संस्थाएं कैसे बनती हैं और समृद्धि को कैसे प्रभावित करती हैं, पर अध्ययन के लिए दिया गया है।

पिछले साल किसे मिला था अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार?

इससे पहले पिछले साल रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के लिए क्लाउडिया गोल्डिन को चुना था। उन्हें महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों के बारे में हमारी समझ को उन्नत या विकसित करने के लिए यह सम्मान दिया गया था। क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार भागीदारी का पहला व्यापक विवरण मुहैया कराने का काम किया। उनके शोध से बदलाव के कारणों और शेष लिंग अंतर के मुख्य स्त्रोतों का पता चला। इनके रिसर्च से पता चला कि वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है और जब वे काम करती हैं तो पुरुषों की तुलना में कम कमाती हैं। गोल्डिन ने अभिलेखों का पता लगाया और 200 वर्षों से अधिक का डेटा एकत्र किया, जिससे उन्हें यह साबित किया कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदल गया?



**2022 में तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को मिला था सम्मान :** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पिछले साल अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार बेन एस बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप एच डायबविग को दिए थे। इन्हें बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए सम्मानित किया गया था। तीनों पुरस्कार विजेताओं ने विशेष रूप से वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका के बारे में हमारी समझ में काफी सुधार किया था। उनके शोध में एक महत्वपूर्ण खोज यह है कि बैंकों के पतन से बचना क्यों महत्वपूर्ण है?

### कौन हैं साइमन जॉनसन

साइमन एच. जॉनसन एक ब्रिटिश अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। उनका जन्म 16 जनवरी, 1963 को हुआ। वे एमआईटी स्लोअन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में उद्यमिता के रोनाल्ड ए. कट्र्ज प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही जॉनसन पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में सीनियर फेलो हैं।

### कौन हैं जेम्स ए रॉबिन्सन

1960 में पैदा हुए जेम्स एलन रॉबिन्सन एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिक वैज्ञानिक हैं। वह वर्तमान में ग्लोबल कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज के रेवरेंड डॉ रिचर्ड एल. पियर्सन प्रोफेसर और शिकागो विश्वविद्यालय के हैरिस स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हैं।

### कौन हैं डारोन एसमोग्लू

कामेर डारोन ऐसमोग्लू अर्मेनियाई मूल के एक तुर्की-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। वे 1993 से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पढ़ा रहे हैं। वहां वे वर्तमान में अर्थशास्त्र के एलिजाबेथ और जेम्स किलियन प्रोफेसर हैं। उन्होंने 2005 में जॉन बेट्स क्लार्क पदक प्राप्त किया, और 2019 में उन्हें एमआईटी ने प्रोफेसर के रूप में नामित किया।

प्रकाशित

